
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 के अवसर पर केंद्रीय सैनिक बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर डी.एस. बसेरा से बैज प्राप्त किया.

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


(श्रीनगर)जम्मू-कश्मीर में शीत लहर के बीच बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

वर्ष-60 › अंक -342 | रायपुर | रविवार 8 दिसंबर 2024 विक्रम संवत 2081 | पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


# हार के बाद विपक्ष में रार : इंडिया गठबंधन की कमान संभालने ममता ने जताए इरादे

### सपा और शिवसेना-BT ने समर्थन किया

### 'कोई राहुल को नेता मानने के लिए तैयार नहीं', इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को लेकर ममता के बयान पर बोली बीजेपी

नई दिल्ली : एजेंसी।

ममता बनर्जी के बयान ने विपक्षी इंडिया गठबंधन में एकबार फिर नेतृत्व को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। वहीं बीजेपी ने ममता बनर्जी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन में कोई भी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में विश्वास नहीं करता है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया में फिलहाल सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये तब सामने आया जब विपक्षी गठबंधन की वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीते दिन शुक्रवार को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे जताए। ममता बनर्जी के बयान के बाद बंगाल से लेकर दिल्ली तक सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। एक ओर जहां उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना उनसे वार्ता की बात कह रही है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि वे सिर्फमीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। इसके अलावा, NCP-SCP सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर वे अधिक जिम्मेदारी लेना चाहें तो हम उनके साथ हैं।

शरद पवार ने कहा, उन्होंने जो रुख अपनाया वह आक्रामक है, उन्होंने कई लोगों को खड़ा किया. उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है.÷ उन्होंने ये भी कहा कि ममता बनर्जी में इंडिया गठबंधन को लीड करने की क्षमता है.

### सपा बोली- इंडिया ब्लॉक के नेताओं को मिलकर तय करना होगा

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर सपा नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वह एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है। वह सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। इंडिया ब्लॉक के नेताओं को मिलकर तय करना होगा कि क्या किया जाना चाहिए। अगर ऐसा कोई निर्णय लिया जाता है, तो हम इसका समर्थन करेंगे।



### सुप्रिया सुले बोलीं: ममता INDIA गठबंधन का जरूरी हिस्सा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका को सराहते हुए कहा कि वह गठबंधन का अभिन्न हिस्सा हैं. सुले ने कहा, ममता बनर्जी INDIA गठबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. वह भारत की शीर्ष नेताओं में से एक हैं.

वहीं, भाजपा ने ममता के बयान को आधार बनाकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भगवा दल का कहना है कि राहुल को हम नहीं विपक्षी गठबंधन बालक बुद्धि कहता है। बीजेपी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि इंडी गठबंधन का कोई भी नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व में विश्वास नहीं करता है। इस गठबंधन का मानना है कि राहुल गांधी एक राजनीतिक विफलता हैं... कभी अखिलेश यादव कहते हैं कि वह नेता हैं, कभी ममता बनर्जी कहती हैं कि वह नेता हैं, कभी स्टालिन कहते हैं कि वह नेता हैं और हर कोई एक स्वर में कहता है कि राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा नेता नहीं हैं। हम राहुल गांधी को बचकाना व्यक्ति नहीं कहते हैं, भारत गठबंधन राहुल गांधी को बचकाना व्यक्ति कहता है।÷

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जब से कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में हारी है तब से INDI गठबंधन में किस प्रकार का विभाजन देखने को मिल रहा है वो ममता बनर्जी के बयान से पता चलता है। उन्होंने कहा है कि जो विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व है यानी कांग्रेस है उससे 'हो नहीं पा रहा है'।

## मुंबई पुलिस को PM Modi पर हमले का मिला संदेश, ISI और बम ब्लास्ट का जिक्र

नई दिल्ली. एजेंसी।



मुंबई पुलिस को शनिवार को एक धमकी भरा संदेश मिला है. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने का दावा किया गया है. यह संदेश राजस्थान के अजमेर में पंजीकृत एक नंबर से आया है. इसमें संदिग्ध को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार सुबह ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर भेजे गए व्हाट्सएप मैसेज में दो आईएसआई एजेंटों की ओर से पीएम मोदी को निशाना बनाकर बम विस्फोट करने की योजना का जिक्र किया गया था.

जांचकर्ताओं के अनुसार, यह संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान या शराब के नशे में हो सकता है. हालांकि आगे की जांच जारी है. इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है. मुंबई ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को इससे पहले भी कई फर्जी धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं.

### सबको जोड़ने की ताकत रखती है भारतीयता और सनातन :योगी

**वाराणसी** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है।



**एजेंसी।** सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस (एएफएफडी) कोष में आगे आकर उदारतापूर्वक योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ-साथ उनके परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। 7 दिसंबर, 2024 को एएफएफडी के अवसर पर एक्स पर एक वीडियो संदेश में रक्षा मंत्री ने इस दिन को नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण को पहचानने और उन बहादुर सैनिकों के प्रति अपने दायित्व को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर बताया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, ÷हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच की तरह हैं, जो सभी स्थितियों में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं - न केवल बाहरी खतरों के खिलाफ, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी।


# महाराष्ट्र : सीएम फडणवीस ने ली विधायक पद की शपथ, विपक्ष ने किया शपथ का बहिष्कार

### विपक्षी विधायक आदित्य ठाकरे बोले- हमें EVM पर शक; अजित बोले- चुनाव आयोग जाएं

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पेशल सेशन के पहले दिन शनिवार को विपक्ष ने EVM के मुद्दे पर वॉकआउट किया। आज सभी 288 नए विधायकों को शपथ लेनी थी। 173 विधायकों ने शपथ ली। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल हैं। सपा महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (MVA) में शामिल है।

शिवसेना (उद्धव) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा- हमारे विधायकों ने आज शपथ नहीं ली। अगर ये जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते, जश्न मनाते, लेकिन कहीं भी लोगों ने इस जीत का जश्न नहीं मनाया। हमें EVM पर शक है।

विपक्ष के वॉकआउट पर डिप्टी CM अजित पवार ने कहा, 'चुनाव हुआ है और लोगों ने हमें जिताया है। अभी वॉकआउट से कुछ नहीं होने वाला। अगर विपक्ष को कुछ करना है तो चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए। वहां भी न्याय नहीं मिलता तो अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 115 विधायकों को शपथ लेना बाकी है। इनमें ज्यादातर विपक्ष के हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का स्पेशल सेशन 8 दिसंबर के लिए स्थगित किया गया है।



9 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष चुना जाएगा। इसके लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार का नाम चर्चा में है। हालांकि, चर्चा ये भी है कि राहुल नार्वेकर नई सरकार में मंत्री बनना चाहते हैं, ऐसे में सुधीर मुनगंटीवार अध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी से अलग हुई समाजवादी पार्टी



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की हार के साथ ही गठबंधन में टूट-फूट होने लगी है। समाजवादी पार्टी (एसपी) ने एमवीए से बाहर होने की घोषणा कर दी है।महाराष्ट्र में एसपी के अध्यक्ष अबू आजमी ने इसकी जानकारी दी है।आजमी ने आरोप लगाए कि एमवीए की सहयोगी पार्टियों ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया और टिकट वितरण को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की। आजमी ने कहा, एमवीए में कभी तालमेल नहीं रहा। जब चुनाव शुरू हुआ तो टिकटों के बंटवारे को लेकर आपस में गुत्थमगुत्थी मची हुई थी। चुनाव प्रचार के दौरान एमवीए के नेताओं ने सहयोगी दलों को कभी विश्वास में नहीं लिया।

### पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नईदिल्ली,।** सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3:30 बजे मामले की सुनवाई करेगी।याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह कानून मनमाना और अनुचित है और धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिकाओं में कहा गया है कि यह अधिनियम हिंदुओं, जैन, बौद्ध और सिखों से उनके पूजा स्थलों और तीर्थस्थलों को बहाल करने के अधिकारों को छीनता है, जिन्हें पहले आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया था।याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि यह अधिनियम मनमाना है, धर्मनिरपेक्षता और कानून के शासन के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और अदालत में जाने और न्यायिक उपाय मांगने के अधिकार को भी छीन लेता है।

## मोदी सरकार ने देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है : अमित शाह



नई दिल्ली. एजेंसी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'लोकसेवा का उत्सव' कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट अपने 34 वर्ष पूरे कर 35वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था एक उद्देश्य की दिशा में सतत रूप से 35 वर्षों तक काम करने के लिए अभिनंदन की पात्र होती है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ज्ञान केवल चार अक्षरों में समाहित होता है, जो स्व से पर की ओर चले और स्वयं से पहले दूसरों की चिंता करे, वही सच्चा ज्ञानी होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग लोकसेवा और लोककल्याण के कार्यों में जुड़े होते हैं, वे जानते हैं कि सबसे बड़ा आत्मसंतोष दूसरों के लिए काम करने से ही मिलता है। श्री शाह ने कहा कि किसी के काम आने की प्रवृत्ति ही मनुष्य के मन, आत्मा और बुद्धि को संतोष देती है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि लोकसेवा ट्रस्ट ने पिछले 34 साल में ज़रूरतमंद छात्रों की मदद, दिव्यांगों के कल्याण और सहायता, मरीज़ों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराकर, सरकार की लगभग सभी योजनाओं में माध्यम बनकर और उन्हें इनसे जोड़कर लगभग पांच लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बाद अब UN ने 21 दिसंबर को घोषित किया विश्व ध्यान दिवस

एजेंसी


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कूटनीति को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA- यूएनजीए) में भारत के एक सह-प्रायोजित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है। इस प्रस्ताव के पास होने के साथ ही अब दुनिया भर में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। शुक्रवार 6 दिसंबर को सभी देशों ने इसे स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की। भारत के साथ लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा ने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'विश्व ध्यान दिवस' प्रस्ताव को पारित करने में अहम भूमिका निभाई।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि समग्र कल्याण और आंतरिक परिवर्तन का दिन! मुझे खुशी है कि भारत ने कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाए जाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आगे लिखा कि समग्र मानव कल्याण में भारत का नेतृत्व हमारे सभ्यतागत सिद्धांत-वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है कि पूरा विश्व एक परिवार है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश ने लिखा कि 21 दिसंबर शीतकालीन संक्रांति का दिन है, जो भारतीय परंपरा के अनुसार ''उत्तरायण'' की शुरुआत होता है जो विशेष रूप से आंतरिक चिंतन और ध्यान के लिए एक शुभ समय की शुरुआत होती है।

## एमपी में 11 केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मंजूरी मिली

एजेंसी

मोदी कैबिनेट द्वारा मध्य प्रदेश में कुल 11 केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मंजूरी मिली है. ये केंद्रीय विद्यालय अशोक नगर जिला अशोक नगर, नागदा जिला उज्जैन, मैहर जिला सतना, तिरोड़ी जिला बालाघाट, बरघाट जिला सिवनी, निवाड़ी जिला निवाड़ी, खजुराहो जिला छतरपुर, झिनझारी जिला कटनी, सबलगढ़ जिला मुरैना, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ और सेन्ट्रल अकादमी पुलिस अकादमी कान्हासैया जिला भोपाल में खोले जाएंगे.



**सीएम मोहन यादव ने जताया आभार** - दरअसल, कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) की बैठक में मध्य प्रदेश में 11 केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति मिली है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के लिये 11 केंद्रीय विद्यालय की सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से दी गई यह सौगात मध्य प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाई देगी।

## छत्तीसगढ़ में खुलेंगे 4 नए केंद्रीय विद्यालय, सीएम साय ने जताया आभार

लोकशक्ति

मोदी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी है. पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 85 नए केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने को मंजूरी दी है. इसमें 4 केंद्रीय विद्यालय छत्तीसगढ़ में भी खोले जाएंगे. शिक्षा के क्षेत्र में मिली इस बड़ी सौगात को लेकर मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की तरफ से दी गई यह सौगात मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाई देगी.

कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) की बैठक में छत्तीसगढ़ में चार नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी मिली है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में चार नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी पर पीएम मोदी का आभार जताया. उन्होंने बताया के केंद्र सरकार द्वारा ये स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा और जांजगीर-चांपा जिले के हसौद में खोले जाएंगे. छत्तीसगढ़ को मिले 4 नए केंद्रीय विद्यालय को लेकर सीएम साय ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में नये केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी. केन्द्रीय विद्यालय अभिनव शिक्षण पद्धति और नवीनतम अधोसंरचना को लेकर लोकप्रिय है. छत्तीसगढ़ में इन विद्यालयों के प्रारंभ होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज आर्थिक मामलों के मंत्रिमंडल समिति द्वारा देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने की मंजूरी दी गई है. इनमें से चार छत्तीसगढ़ को मिले हैं.

**विदेश** | **रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रूसी संघ की आधिकारिक यात्रा करेंगे**

# रूस-भारत सैन्य तकनीकी सहयोग का होगा विस्तार

अयोध्या (संवाददाता)।

रक्षा मंत्री सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस के अंतर-सरकारी आयोग की 21वीं बैठक में भाग लेने के लिए रूस का दौरा करेंगे।

भारतीय नौसेना के नवीनतम बहु-भूमिका वाले स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील' को उनकी 3 दिवसीय यात्रा के दौरान नौसेना में शामिल किया जाएगा।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 08-10 दिसंबर, 2024 तक रूसी संघ की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान, रक्षा मंत्री और रूस के रक्षा मंत्री श्री एंड्री बेलौसोव 10 दिसंबर, 2024 को मास्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस के अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।



दोनों नेता सैन्य-से-सैन्य और औद्योगिक सहयोग सहित रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे।

इस यात्रा के हिस्से के रूप में, रक्षा मंत्री 09 दिसंबर, 2024 को कलिनिनग्राद स्थित यंत्र शिपयार्ड में भारतीय नौसेना के नवीनतम बहु-भूमिका वाले स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील' को भी नौसेना में शामिल करेंगे। इस समर्पण समारोह के लिए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी श्री राजनाथ सिंह के साथ होंगे।

इसके अलावा, रक्षा मंत्री द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मारे गए सोवियत सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मॉस्को में 'अज्ञात सैनिक की समाधि' पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे।

### सीआईएसएफदेश के हवाई अड्डों की निगरानी बढ़ाएगा, बनाई स्पेशल यूनिट

**नई दिल्ली** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने देश के सभी 68 नागरिक हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) बनाई है। इस इकाई का मकसद विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। सीआईएसएफके अनुसार, आईक्यूसीयू विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र (एएससीसी) के अंतर्गत कार्य करेगा। एएससीसी को भी हाल ही में शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन 22 जुलाई, 2023 को गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। एएससीसी मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आईक्यूसीयू के साथ मिलकर काम करेगा और घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र के साथ भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत हवाई अड्डों को भी कवर करेगी।

# उप मुख्यमंत्री अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

### वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है... हारता नहीं : श्री अरुण साव




**मुंगेली** । उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री श्री अरुण साव आज मुंगेली में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्र कुमार अजगल्ले ने करही स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मुंगेली जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-लाइब्रेरी की घोषणा की। उन्होंने वहां सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मुंगेली बार को आदर्श और सुविधाजनक बनाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। विधायक श्री पुन्नुराम मोहले भी समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा अधिवक्ताओं से बहुत गहरा नाता है। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस बार का सदस्य रहा हूं और आज मुख्य अतिथि के रूप में आने का मौका मिला है। मुंगेली बार का इतिहास अत्यंत वैभवशाली और गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की जवाबदारी बहुत बड़ी है, इसलिए पक्षकार से मुकदमा लेने के बाद उसे न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है, हारता नहीं है। समाज में वकीलों की बहुत प्रतिष्ठा है। समाज की सेवा में आपका भी योगदान महत्वपूर्ण होना चाहिए। श्री साव ने कहा कि पक्षकार कितने रुपए देगा, इसका मूल्यांकन नहीं करना चाहिए। अधिवक्ताओं का पूरा ध्यान पक्षकारों को न्याय दिलाने में होना चाहिए। उन्होंने नवनिवार्चित पदाधिकारियों को मुंगेली बार की गरिमा को और आगे बढ़ाने को कहा।

विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले ने अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि सभी पदाधिकारी समाज की सेवा के लिए बेहतर कार्य करेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्र कुमार अजगल्ले ने मुंगेली बार की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं को बिना किसी भेदभाव के पीड़ितों को समभाव से न्याय दिलाने की बात कही। कलेक्टर श्री राहुल देव, पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू, मुंगेली नगर पालिका के अध्यक्ष श्री संतुलाल सोनकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री बलराम देवांगन, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ श्रेणी श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गिरीश शुक्ला और श्री संजय गुप्ता भी समारोह में मौजूद थे।

**इन्होंने ली शपथ**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्र कुमार अजगल्ले ने अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री राजमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री आकुम गेंदले, उपाध्यक्ष सुश्री रूखमणी दिव्या, सचिव श्री राजेन्द्र चन्द्रवंशी, संरक्षक श्री विरेन्द्र कुमार मिश्रा, सहसचिव श्री रजनीकांत ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप हरवंश, ग्रंथालय सचिव श्री अमित सोनी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव श्री जीवन लाल बंजारा, कार्यकारिणी सदस्यों सर्वश्री मनोज केशरवानी, गोली बर्मन, सुरेन्द्र देवागंन, हरप्रीत कौर आजमानी, बोधराम साहू और विजेन्द्र सिंह को शपथ दिलाई।

## शेयर मार्केट की लत ने बनाया कातिल, परिवार हुआ तबाह

रायपुर, (आरएनएस)। कोरबा। कोरबा में पति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों पर सोते समय ब्लेड-पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। फिर उसने खुद पर भी ब्लेड से वार कर जहर खा लिया। हमले में पत्नी की मौत हो गई, जबकि बच्चों और पति की हालत गंभीर है। घटना दर्री थाना क्षेत्र के मोहन टॉकीज के पास की है। बताया जा रहा है कि, मनोज साहू ने कर्ज ले रखा है। शेयर मार्केट में भी लाखों रुपए गवा चुका है। जिसके चलते वो परेशान रहता था। इसी के चलते अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद भी होते रहता था। इसलिए उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात मनोज साहू (42), पत्नी सतरूपा (40), परिधि (07) और काव्या साहू (12) एक साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 4 बजे मनोज साहू उठा। बेड पर सो रही अपनी पत्नी पर ब्लेड और पत्थर से हमला करने लगा। मां की चीख-पुकार की आवाज सुनकर बच्चियां उठ गई, तो उन पर भी हमला कर दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद मनोज ने खुद पर भी ब्लेड चला लिया। जब मौत नहीं हुई तो जहर खा लिया। घटना की जानकारी लगने ही परिजन तीनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज चल रहा है।

## तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को ठोका, गंभीर

रायपुर, 07 दिसंबर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचपेढ़ीनाका चौक में एक तेज रफ्तार क्रेटा कार सुबह 7 बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। इस दौरान ब्रिज पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। वही कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार में सवार चालक को भी चोट आई हैं। घटना के बाद आप पास लोगों ने 108 मदद से घायल को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

## संविदा पदों की भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 11 तक

महासमुंद-रायपुर, 07 दिसंबर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 के प्राप्त आवेदनों का इन्द्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 05:30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया हैं। जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने बताया कि स्वयं कार्यालय में उपस्थिति होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के लिए आवेदन का प्रारूप तथा पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जाएगा।

## जिले में कई स्थानों में अवैध धान पर कार्रवाई

रायपुर, 07 दिसंबर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध धान पर कार्रवाई निरंतर जारी है। ग्राम बरबन्दा में अवैध धान पर कार्रवाई की गई है। 25 क्विंटल अवैध धान के साथ जितेंद्र पटेल के पास से मिला है। जिसकी कीमत 57, 500 रूपए है। इसी तरह ग्राम पथरी में कुन्ज बिहारी वर्मा के पास से 25 क्विंटल अवैध धान मिला। जिसकी कीमत 57500 है।

# जनपद पंचायत ओड़गी के फैसिलिटेटर एवम जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सूरजपुर,** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवम ज़िला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर फैसिलिटेटर एवम जनपद स्तर के अधिकारी कर्मचारियों को जन योजना अभियान (जीपीडीपी) निर्माण की प्रशिक्षण दिया जा रहा है उक्त प्रशिक्षण में फैसिलिटेटर के रूप में समस्त ग्राम पंचायत के सचिव/रोजगार सहायक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस प्रशिक्षण में समस्त विभागीय योजनाओ से कार्य सम्मिलित करने के लिए बताया गया।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत, 9 थीम में से एक थीम का चयन करें और उक्त चयनित थीम के कार्यो को शत प्रतिशत कार्य योजना में सम्मिलित करे और उस थीम को उस ग्राम पंचायत से संतृप्त करे। साथ ही वर्ष 2030 तक पूरे 9 थीम से संबंधित कार्यों को संतृप्त करना है, साथ ही समस्त विभागीय योजनाओं के कार्यों को भी सम्मिलित कर एक गुणवत्तापूर्ण कार्ययोजना तैयार करने के निर्देशित किया गया। श्री शशि सिन्हा जिला समन्वयक ने बताया कि उक्त कार्य हेतु राज्य स्तर से 02 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य जिला जनपद एवं ग्राम पंचायत में सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना का निर्माण कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड किया जाना है। गौरतलब है कि उक्त कार्य के निर्वहन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर फैसिलिटेटर के रूप में सचिव अथवा रोजगार सहायक को नियुक्त किया जाता है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर के लाइन विभाग के अधिकारियों को फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में नामांकित किया जाता है। इसके अंतर्गत कार्य योजना निर्माण हेतु कम से कम 2 ग्राम सभा का आयोजन किया जाना अनिवार्य है - प्रथम ग्राम सभा 2 अक्टूबर 2024 चर्चा हेतु तथा उसके उपरांत 31 जनवरी 2024 के पूर्व दूसरी ग्राम सभा/ सामान्य सभा की शेड्यूलिंग जीपीडीपी पोर्टल पर की जाती है। ग्राम सभा/ सामान्य सभा के आयोजन उपरांत फैसिलिटेटर की आईडी से ऑनलाइन फैसिलिटेटर फीडबैक फॉर्म भरा जाना अनिवार्य होता है

आयोजित ग्राम सभा की फोटो वह वीडियो क्लिप को ग्राम सभा निर्णय एप्प में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना होता है। ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना ही ई ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड की जाती है। ग्राम पंचायत स्तर पर जीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 होगी। जनपद स्तर पर बीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 होगी एवं जिला स्तरीय डीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 होगी। उक्त गाइडलाइन को एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण गतिविधियों पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित फैसिलिटेटर एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया गया। इसी तारतम्य में उपसंचालक पंचायत ने अवगत कराया कि जिला/ जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिससे कि कार्यो को आसानी से समयावधि में पूर्ण कराया जा सके। जैसे कि जिला स्तर पर नोडल अधिकारी श्री ऋषभ सिंह चंदेल उपसंचालक पंचायत नोडल अधिकारी एवं श्री शशि सिन्हा सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त है साथ ही अलग-अलग विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को भी उक्त कार्यो के निर्वहन हेतु आदेशित की गई है।

## चोरी के ब्रेकर मशीन के साथ युवक गिरफ्तार

**सक्ती-रायपुर** यह मामला सक्ती जिले का हैं। जहा साकिन नगझर व्यक्ति एक चन्द्रा केशर उद्योग चलाता है। जिन्होंने शिकायत दर्ज कर अजीत यादव पर आरोप लगाया हैं। दरअसल आरोपी अजीत यादव, जो माइनिंग खनन कार्य के लिए पोकलेन मशीन का ठेका कार्य कर रहा था, उद्योग की पत्थर तोड़ने की ब्रेकर मशीन चोरी कर ली। बरसात के समय खनन कार्य बंद होने पर आरोपी ने अन्यत्र जाने का बहाना बनाकर मशीन चुरा ली। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। आरोपी का पता लगाते हुए टीम ने उसे शहडोल से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, और चोरी की गई मशीन बरामद कर ली गई। मशीन की कीमत कीमत ?8,00,000 बताई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अजीत यादव को जेएमएफसी न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से 206 गांवों को मिलेगा पेयजल

### 290 करोड़ रुपए से अधिक की योजना से 60 हजार परिवार होंगे लाभान्वित



**रायपुर,** जल जीवन मिशन के तहत खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से जिले के तीनों विकासखंडों के 206 गांवों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। मुंगेली जिले के करीब 60 हजार परिवारों को योजना का फायदा मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 7 दिसम्बर को मुंगेली जिले के खुड़िया में 290 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन करेंगे। खुड़िया जलाशय के सामने ही 23 एमएलडी (Million Liter per Day) क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। योजना का काम एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। खुड़िया मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना में खुड़िया जलाशय के पानी को शुद्ध कर गांव-गांव में बनी पानी टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जाएगा। जल गुणवत्ता से प्रभावित और ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने से संकटग्रस्त गांवों को इससे पूरे साल भर स्वच्छ पेयजल मिलेगा। मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के 84 गांवों के 27 हजार 627 परिवार, मुंगेली विकासखंड के 86 गांवों के 19 हजार 737 परिवार और पथरिया विकासखंड के 36 गांवों के 12 हजार 248 परिवार योजना से लाभान्वित होंगे।

शासन द्वारा योजना के लिए 290 करोड़ 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के 206 गांवों में पेयजल की आपूर्ति के लिए 430 किलोलीटर क्षमता के एमबीआर (Master Balance Reservoir) के साथ ही अलग-अलग क्षमता के छह जेडबीआर (Zonal Balance Reservoir) भी बनाए जाएंगे। 45 बीएचपी क्षमता की रॉ वाटर पंपिग मशीनरी और 95 बीएचबी क्षमता की क्लीयर वाटर मशीनरी स्थापित की जाएगी।

## राजनांदगांव : स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत शहर के शौचालयों का मरम्मत व सुचारू संचालन




**राजनांदगांव।** भारत सरकार आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के तहत निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किये जाने आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सुचारू संचालन के लिये उन्होंने शौचालय के संचालकों की बैठक लेकर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये है, साथ ही महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को शौचालयो का निरीक्षण कर नागरिको से फिडबैक लेने भी कहा गया है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वच्छ शौचालय अभियान के संबंध मे बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस 2024 (19 नवम्बर) से लेकर गुड गवर्नेन्स डे 2024 (25 दिसम्बर) तक मिशन एक 5-सप्ताह लंबा स्वच्छ शौचलय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पूरे देश के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रख रखाव, सौदर्यीकरण करना है। इसके अलावा शासन द्वारा पारदर्शी मुल्यांकन, सुधरात्मक कार्यवाही, संचालन एवं संधारण, शौचालयों की जिम्मेदारी, नागरिकों की प्रतिक्रिया, फुटफॉल मैपिंग अर्थात शौचालयों के उपयोगकर्ता की वास्तविक गणना करना संबंधी कार्य के लिये घटक निर्धारित किया गया है। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि निर्धारित घटक के अनुसार कार्य करना है एवं अभियान की अवधि के अंत तक सभी सीटी एव पीटी और शौचालयों (चाहे वे स्वच्छ भारत मिशन के तह हो या नहीं) को पहले से अधिक बेहतर स्थिति में लाना है। जिसके क्रियान्वयन के लिये शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये थे, निर्देशानुसार निगम के तकनीकि अधिकारी सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि मरम्मत करा रहे है।

आयुक्त विश्वकर्म ने बताया कि शासन आदेशानुसार सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत संधारण किया जा रहा है। स्वच्छ एवं सुंदर शौचालय के लिये भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, प्रतियोगिता के लिये टायलेट की ग्रेडिंग, एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किया जाना है। राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की स्व सहायता समूह द्वारा शासन मापदण्ड के अनुरूप निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों से भी साफसफाई रखने, स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी न फैलाने अपील की जा रही है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाला आरोपी वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार

रायपुर, । रेंज साइबर रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाले आरोपी को 24 परगना वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के बहाने ठगी करने वालों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया है। प्राप्त निर्देश अनुसार रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एक मामले में प्रार्थी आशीष कृष्णानी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 94 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) पंजीबद्ध कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई। विवेचना क्रम में अपराध में शामिल अब्दुल रहमान मुल्ला पिता अब्दुल रशिद उम्र 42 वर्ष पता काशीपुर साउथ 24 परगना वेस्ट बंगाल को गिरफ्तार किया गया है।

## शिकायत सेल/ कन्ट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी हुए नियुक्त

सूरजपुर, (आरएनएस)। जिले में नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराये जाने हेतु शिकायत सेल/कन्ट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारियों नियुक्त कर कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए आदेशित किया गया है। इस शिकायत सेल/कन्ट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारी प्राप्त होने वाली सूचनाओं/प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध करेंगे, व संबंधित को इसकी सूचना देते हुए इसके निराकरण के लिए नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी को अवगत कराएंगे साथ ही सम्पत्ति विरूपण, आदर्श आचरण संहिता की जानकारी संकलित एवं तैयार कर आयोग को प्रतिदिन प्रेरित करेंगे।




# पुलिस यातायात ने पॉलिटेक्नीक कॉलेज के छात्र-छात्राओं को किया गया मोटिवेट

**धमतरी,** पुलिस अधीक्षक धमतरी द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने के साथ यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा आज दिनांक 06.12.2024 को रूद्री पालिटेक्नीक कॉलेज के एनएसएस छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम माड़मसिल्ली भोथापारा में लगाये गये विशेष शिविर में पहुंचकर एनएसएस छात्र-छात्राओं एवं ग्राम भोथापारा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए यातायात नियमों का पालन करने एवं स्वामी विवेकानंद द्वारा दिये गये कोटेशन उठो जागो आगे बढ़ो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाये के बारे में बताकर महापुरूषों की जीवनी का अध्ययन करने एवं उनके द्वारा बताये गये बातों का अनुसरण कर जीवन में उतारने बताया गया।

इसी कम में मास्ट्रर ट्रेनर सउनि. सुरेश नेताम के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं शिक्षकगणं को यातायात को पारिभाषित कर मैनुअल एव विद्युत ट्राफिक सिग्नल के इतिहास के बारे में जानकारी देकर ट्राफिक सिग्नल के बारे में बताया गया कि जब सिग्नल में लगे लाईट हरी हो तो इसका मतलब हमें आगे बढना है, लाईट जब पीली हो तब स्टाप लाईन में वाहन को चालू कर तैयार होना है, या आप स्टाप लाईन से आगे बढ गयें हो तो तेजगति से रोड क्रास कर लेना है, लाल लाईट जलने पर स्टाप लाईन में वाहन रोक कर खड़े होना है, वाहन हमेशा स्टाप लाईन पर ही खडे करे, जेब्रा क्रासिंग पर वाहन ना खड़े करे यह लाईन पैदल रोड क्रास करने वाले के लिये बनाया गया है।



इसी प्रकार मार्ग में चलने के नियमों से अवगत कराते हुए बताया गया कि हमेशा बांये चलना चाहिए, एक के पीछे एक कम से चलना चाहिए झुंड में नही चलना चाहिये, हमेशा सतर्क रहते हुए चलना चाहिए, मोबाईल, हेडफोन का प्रयोग नही करना चाहिए, तीन सवारी कभी भी न चले, बिना हेलमेट के वाहन ना चलाये, बिना लायसेंस के वाहन ना चलायें, नाबालिक बच्चें वाहन ना चलायें, दोस्तों के साथ गति मुकाबला ना करें आदि जानकारी दी गई, साथ ही दुर्घटना के मुख्य कारणों से अवगत कराते हुए बताया गया कि सर्वाधिक सड़क दुर्घटना तेजगति वाहन चलाने, असावधानीपूर्वक ओवरटेकिंग करने, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने, से होती है, साथ ही छात्र-छात्राओं को गोल्डन ऑवर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर, सफर के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति मिलने पर हरसंभव मदद करते हुए अस्पताल पहुंचाकर नेक इंसान बनने बताकर ड्रायविंग लायसेंस बनाने के प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

# विकसित छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा अहम योगदान- मुख्यमंत्री

**0– मुख्यमंत्री ने की 100 दिनों तक चलने वाले निक्षय निरामय कार्यक्रम की शुरूआत की**

**0– निक्षय पोषण योजना के तहत हितग्राहियों को आनलाइन ट्रांसफर की योजना की राशि**



**रायपुर,** । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के एम्स आडिटोरियम में रिमोट का बटन दबाकर 100 दिनों तक चलने वाले राज्य स्तरीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रिमोट का बटन दबाकर निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतिमाह दी जाने वाली 1 हजार रूपए की राशि के आनलाइन ट्रांसफर करने की भी शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को निक्षय निरामय की शपथ भी दिलाई। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत अगले 100 दिनों तक राज्य में टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान की जाएगी और उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। योजना में राज्य के वृद्धजनों का भी स्वास्थ्य जांच और उपचार शामिल है।

इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है। बीते 12 महीनों में हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। स्वास्थ्य शिक्षा ये दो ऐसे विषय हैं जो सीधे-सीधे राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े हुए हैं। जब हर नागरिक का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो वे राष्ट्र के विकास में अपना अधिकतम योगदान दे पाएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के साथ ही सभी चिकित्सकों ने भी प्रदेश में चलाए जा रहे स्वास्थ्य अभियानों में हमेशा तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। अनेक दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के साधनों की कमी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अमले ने अंदरुनी गांवों तक अपनी सेवाएं पहुंचाई हैं। हमारे डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अनेक दुर्गम गांवों तक पहुंचने के लिए लंबी-लंबी पदयात्राएं कीं, नदी-नालों को भी पार किया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में आप लोगों का यह जज्बा सेना के किसी जवान के जज्बे से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य निरामय छत्तीसगढ़ की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की शुरूआत की जा रही है, मेकाहारा जैसे बड़े अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम करने के लिए नए अस्पताल भवन तैयार किए जा रहे हैं और चिकित्सकों की लगातार भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार के लिए मैदानी अमलों, विशेषकर मितानिन बहनों की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर निक्षय पोषण योजना के हितग्राहियों को आनलाइन डीबीटी के जरिए राशि प्रदान करने की शुरूआत करने के लिए धन्यवाद दिया।

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने हाथों से हितग्राहियों को पोषण आहार, हियरिंग एड, वाकर और वाकिंग स्टिक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मितानिन बहनों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर आरंग विधायक खुशवंत साहेब, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, स्वास्थ्य विभाग विशेष सचिव प्रियंका शुक्ला एवं एमडी एनएचएम विजय दयाराम के.भी उपस्थित थे।

## सरकारी कर्मचारियों को धमकाने वाले व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में जीएसटी की दबिश

**रायपुर, )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य कर निरीक्षकों को शासकीय कार्य के दौरान व्यवसायियों द्वारा धमकाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि राज्य कर जीएसटी विभाग द्वारा बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसे फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर स्थित मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह एव मेसर्स श्री जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के राहुल शर्मा के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर व्यवसाय के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य कर निरीक्षक रितु सोनकर और होमेश वर्मा को निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में कर निरीक्षक भौतिक सत्यापन करने गये थे, लेकिन उक्त दोनों व्यवसायियों के द्वारा निरीक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धमकी दिया गया जिससे व्यवसाय के भौतिक सत्यापन के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने व्यवसायियों के इस कृत्य को गंभीरता से लिया गया। वहीं विभाग द्वारा व्यवसायियों के द्वारा किए गए इस व्यवहार की पड़ताल की। कर अपवंचन और जीएसटी अधिनियम के प्रावधानो का पालन नहीं करने पर आज विभाग ने दोनों फर्मों के प्रतिष्ठानों पर जांच जब्ती की कार्यवाही की गई।

## खास खबर

### भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ में उच्चस्तरीय पुल निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन एवं निर्माण के लिए दी 147.26 करोड़ की स्वीकृति

0-मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी का जताया आभार

**रायपुर,** । भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत नेशनल हाईवे क्रमांक 130 में उच्च स्तरीय पुल तथा नेशनल हाईवे क्रमांक एनएच 153 के उन्नयन तथा नेशनल हाईवे क्रमांक 130 सी फोर लेन सड़क निर्माण के लिए कुल 147 करोड़ 26 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जाताया है।

### राज्य नीति आयोग ने प्रासंगिक विकासात्मक विषयों पर अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन आमंत्रित

**0-आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025**

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग ने राज्य के संतुलित और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रासंगिक और विकासोन्मुखी विषयों पर अध्ययन प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए शिक्षकों, शोधकर्ताओं और निजी अनुसंधानकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अध्ययन प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना दिशा-निर्देश तथा प्रासंगिक विषयों की सूची राज्य नीति आयोग की वेबसाईट httpsÑ//niti.cg.gov.in पर उपलब्ध्य है, जिसके अनुसार निर्धारित प्रारूप में अध्ययन प्रस्ताव ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन ई-मेल आईडी ms-niti@cg.gov.in पर सदस्य सचिव राज्य नीति आयोग को प्रेषित कर सकते हैं। ई-मेल द्वारा आवेदन भेजने की स्थिति में आवेदन की पीडीएफफाईल के साथ एमएसवर्ड फाईल भी संलग्न करना आवश्यक है।

### कोचिए पर आबकारी विभाग की कार्यवाही, गंजपारा शराब दुकान के निकट 70 लीटर देशी शराब जब्त

**रायपुर, (आरएनएस)।** सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता एवं कलेक्टर श्री गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियाँ जारी हैं । इसी अनुक्रम में कंपोजिट देशी मदिरा दुकान गंजपारा के पास आरोपी अमन सोनी के आधिपत्य से 390 नग पाव (70.2 बल्क लीटर) देसी मदिरा मसाला शोले जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2),59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया । उल्लेखनीय है कि लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि गंजपारा में प्रातः 5:00 बजे से कुछ लोगों द्वारा अवैध मदिरा विक्रय किया जाता है, आरोपी अमन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि आसपास के कई देसी मदिरा दुकान से इकट्ठा करते हैं तथा रात्रि में दुकान बंद होने के बाद एवं प्रातः दुकान खुलने से पहले तक घूम घूम कर विक्रय करते हैं।

### सिर कुचलकर युवक की हत्या

**दुर्ग-रायपुर, (आरएनएस)।** बीती रात ट्रांसपोर्टनगर में कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है, वहीं मामला जांच में लिया है। मृतक का नाम लोकेश्वर बंजारे है जो की भिलाई के ही कुर्सी पार का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है तो वही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगाला जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है। दरअसल पूरी घटना देर रात की है जब लोकेश्वर बंजारे अपने को साथियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास बैठा हुआ था। हालांकि लोकेश्वर बंजारे और उसके साथी नशा कर रहे थे कि नहीं यह अभी खुलासा नहीं हो पाया है । लेकिन फिर भी जहां लोकेश्वर बंजारे का शव मिला है उसके पास शराब की बोतल भी मिली है । बताया जा रहा है कि लोकेश्वर बंजारे अपने को साथियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर में बैठा हुआ था, इसी बीच अचानक से उसके साथी युवकों ने मिलकर पत्थर से सर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद डायल 112 जो की पेट्रोलिंग पर इस क्षेत्र में निकली हुई थी उसे घटना होने का एहसास हुआ और तत्काल उन्होंने खुर्सीपार थाने को इसकी सूचना दी। थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवा दिया फिलहाल पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

### शोक समाचार



श्रीराम प्रिंटर्स एवं स्टेशनर्स के संचालक श्री रमाकांत (छोटू) अग्रवाल (सुपुत्र - स्व. श्री धरम अग्रवाल जी) का 46 वर्ष की आयु में आज हैदराबाद में दु:खद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 8 दिसंबर 2024, को प्रात: 11.30 बजे उनके निवास स्थान राजीव नगर से मारवाड़ी मुक्ति धाम जाएगी। शोकाकुल - डॉ प्रहलाद अग्रवाल (बड़े पापा), श्रीकांत (बबलू) बड़े भाई, मणीकांत (नानू) छोटे भाई, श्रीमती पूजा( पत्नी ), जयश्री - आकाश अग्रवाल (बहन - जीजाजी), अंशुल (पुत्र)

## शासकीय योजनाओं के ऋण प्रकरण का गंभीरता से करें परीक्षण और दिलाए योजना का लाभ : कलेक्टर




**o स्लम बस्तियों की निगरानी सीसीटीवी से होगी, सीएसआर मद से लगाएंगे कैमरे**

**o डीएलसीसी की कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली बैठक**

**रायपुर ।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के ऋण प्रकरण की कम संख्या में स्वीकृति देने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाते हुए बैंक ऋण प्रकरण में दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता के साथ करें और अधिक से अधिक संख्या में स्वीकृति दिलाएं। ऐसे प्रकरण में संवेदनशीलता से विचार करें और स्वीकृत दें। कलेक्टर ने कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाएं। डॉ सिंह बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिया। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करें। महिला समूहों के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाकर जल्द से जल्द लोन प्रदान करें। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

## व्हाइट कोट सेरेमनी के अवसर पर नवप्रवेशित चिकित्सा छात्रों ने ली चिकित्सा आचार संहिता की शपथ

**0–इस वृहद गौरवशाली आयोजन के साक्षी बने राज्यपाल श्री रमेन डेका**

**0–अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने दिलाई चिकित्सा आचार संहिता पर आधारित महर्षि चरक शपथ**



**रायपुर,।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए ''व्हाइट कोट सेरेमनी'' का वृहद गौरवशाली आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल श्री रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति रही। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 230 छात्र - छात्राओं को राज्यपाल महोदय की उपस्थिति में चिकित्सा आचार संहिता महर्षि चरक शपथ दिलाया जाना महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने मेडिकल प्रोफेशन के क्रियान्वयन के समय निभाये जाने वाले नैतिक मूल्यों और आदर्शों की जानकारी दी। डॉ. नेरल ने कहा कि मरीज दवाइयों के अलावा एक आदर्श चिकित्सक से अपनत्व, मुस्कुराहट और मित्रवत व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। मेडिकल साइंस सभी विज्ञानों में सबसे अधिक मानवीय और सभी मानविकी में सबसे अधिक वैज्ञानिक होता है। एक डॉक्टर ताउम्र विद्यार्थियों की तरह सीखता रहता है।

अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने चरक आचार संहिता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई, उनके द्वारा कहे गए शब्दों को नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया।

मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने चिकित्सा छात्रों को व्हाइट कोट समारोह की महत्ता बताते हुए कहा कि आज आपने जो शपथ लिया है उसका सदैव स्मरण करना अति आवश्यक है। चिकित्सा का क्षेत्र सेवा के साथ-साथ एक गरिमामयी प्रोफेशन है जिसमें ''यह व्हाइट कोट बेदाग रहे,'' इस बात का ध्यान रखना आवश्यक होता है। चरक संहिता एवं व्यक्तिगत जीवन से जुड़े कुछ अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक को बीमारी के मूल कारणों (रूट कॉज ऑफ डिजीज) को जानने की कला में निपुण होना चाहिए। बतौर चिकित्सक मरीज के गोल्डन ऑवर में जीवन रक्षा के लिए बेहतर निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। राज्यपाल ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के चिकित्सा सेवा, साहस और कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने मानव सेवा के लिए जो कुछ भी किया वह अतुलनीय है।

राज्यपाल के उद्बोधन पश्चात विद्यार्थियों द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का ज़िक्र करते हुए ''हम तुम्हारे साथ हैं, वी आर द डॉक्टर्स, वी आर आलवेज देयर फार यू'' की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। एम. बी. बी. एस. चिकित्सा पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### बी.एड., डी.एल.एड., बी.ए.बी.एड. एवं बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम चरण के आबंटन की तिथि जारी

0-अंतिम चरण के पंजीयन एवं ऑनलाईन विकल्प फार्म 07 से 10 **दिसम्बर तक**

**रायपुर, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने डीएलएड, बीएड, बीएबीएड और बीएससीबीएड पाठ्यक्रम 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण की तिथियां घोषित कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व चरणों में प्रवेश नहीं लिया है, वे निःशुल्क तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होंगे वे निर्धारित राशि के शुल्क के साथ किसी महाविद्यालय/संस्था का 7 दिसंबर 2024 को सुबह 10:30 बजे से 12 दिसंबर 2024 तक अपने विकल्प ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

अंतिम चरण की प्रथम सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि 12 से 16 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

## मुख्यमंत्री ने मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को ऐम्स परिसर में ÷निक्षय निरामय छत्तीसगढ़÷ 100 दिवसीय जांच व उपचार अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता व टीबी जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग के लिए एक एक वाहन शामिल हैं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।




मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा अभियान के दौरान चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की टीबी हेतु स्पॉट स्क्रीनिंग की जाएगी जिससे संदेहास्पद टीबी मरीजों का स्पॉट पर ही टीबी रोग का पता लगाया जा सकेगा । मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा ए.आई. तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे , CY-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की तुरंत एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से स्थगित



**रायपुर,** अपर संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, श्री जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाली थी। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी जनवरी माह में संभावित है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया का पालन करने कलेक्टरों को निर्देश

**रायपुर,** । राज्य शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के तहत किसानों को टोकन जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी वितरण संघ के प्रबंध संचालक ने सभी कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में टोकन आवेदन समिति मॉड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किए जाने की सुविधा का उल्लेख करते हुए कहा है कि कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति मॉड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। टोकन आवेदन हेतु रविवार से शुक्रवार तक प्रातः 9.30 बजे सायं 5 बजे तक का समय निर्धारित है।



किसानों द्वारा आवेदन के दौरान आवश्यक प्रविष्टि करने के उपरांत आवेदन दिनांक से 15 जनवरी 2025 तक रिक्त स्लॉट में धान विक्रय हेतु दिवस का चयन किया जा सकता है। समितियों में, धान विक्रय किये जाने हेतु पंजीकृत रकबा एवं खरीदी अवधि को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन खरीदी लिमिट भी निर्धारित है, जिसकी जानकारी खाद्य अधिकारी माड्यूल एवं समिति माड्यूल में उपलब्ध है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत टोकन तुहर हाथ एप के माध्यम से आवेदित टोकन लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य वही अनुपात निर्धारित है, जो उस समिति में पंजीकृत लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत समिति माड्यल के माध्यम से आवेदित टोकन में लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य किसी प्रकार कोई अनुपात निर्धारित नहीं किया गया है।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए राज्य में लघु एवं सीमांत कृषकों को 2 टोकन एवं दीर्घ कृषकों 3 टोकन की सुविधा प्रदाय की गई है। लघु सीमांत कृषक अपने दूसरे टोकन में तथा दीर्घ कृषक अपने तीसरे टोकने में उनके द्वारा अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के अध्याधीन शेष संपूर्ण मात्रा के लिए टोकन ले सकेगा। यदि कृषकों द्वारा अंतिम टोकन में प्रविष्ट की गई धान की मात्रा उपार्जन केन्द्र में निर्धारित खरीदी लिमिट से अधिक होती है, तो उस स्थिति में उक्त उपार्जन केन्द्र में खरीदी लिमिट के 30 प्रतिशत तक का अधिक का उपार्जन किया जा सकेगा।

## संपादकीय

### विपक्ष के लिये सहमति की तलाश करना कठिन

नरेंद्र मोदी- अमित शाह से मुक्ति की चाहत के अलावा उनके बीच किसी मुद्दे और सहमति की तलाश करना कठिन बना रहा है। ऐसी नकारात्मक राजनीति कभी कारगर नहीं होती। लोकसभा चुनाव में बिजली चमकने जैसी उम्मीद जगी, तो उसके पीछे भी उनके अपने प्रयासों का कम ही योगदान था। अब ऐसा लगता है कि तब जो नुकसान हुआ, अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है। इसका बड़ा कारण यह है कि इंडिया गठबंधन यह संदेश देने में नाकाम है कि उसके पास देश के विकास एवं आम जन की बेहतरी का कोई बेहतर एजेंडा है। इसके अभाव में गठबंधन महज सीटों के तालमेल का माध्यम बन कर रह जाता है। इस रूप में कुछ खास परिस्थितियों में यह प्रयास लाभदायक हो सकता है, लेकिन सत्ता पक्ष के लिए कोई गठबंधन कोई निर्णायक चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। महाराष्ट्र का चुनाव नतीजा आने के बाद गठबंधन के अंदर की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस आलोचना के केंद्र में आई है, तो उसकी भी ठोस वजहें हैं।




### नयानों में नित झूलती

मोहनी मूरत तुम्हारी
जो मैं पूजती तुम्हारी
मूर्ति भी पाषाण की।

भूल जाती सुध बुध भी
नाम तेरा जो जपती
बतियां करते ज्यों प्रेम की
बीत जाते दिन और रात सभी।

जिंदगी हल्की बूंद सी
पर आस बड़ी मन की
पाकर पगों की धूल तेरी
हो जाएगी सभी आस पूरी।

पलकों में मेरी सोई हुई
आ जाते तुम चोरी चोरी
खुलने ना दो प्रभु मेरी
नींद सुहानी फिर कभी।


- संजीव ठाकुर



# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फआठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

# विश्व शान्ति हेतु इस्लामिक दर्शन में संशोधन आवश्यक

संजय सक्सेना,लखनऊ

सामान्यतः आज देश के विभिन्न भागों में बंग्ला देशी व पाक परस्त ज़िहादी अनेक प्रकार से इस्लामिक आतंकवाद में लिप्त हैं, जिससे बढती हुई राष्ट्रीय व सामाजिक समस्याओं का किसी को अनुमान ही नहीं हो रहा है । क्योंकि भारत की हज़ारों वर्ष पुरानी सत्य सनातन संस्कृति और दर्शन को आज के छद्म सेक्युलर केवल मैकाले व मार्क्सवाद की दृष्टि से देखने के आदी हो चुके हैं।साथ ही हमारी संस्कृति को नकारने के लिए पाकिस्तानी विचारधाराओं को हमारे विभिन्न नगरों, विश्वविद्यालयों, मीडिया समूहों, बुद्धिजीवियों, अधिकारियों और राजनैतिक दलों में विस्तार मिल रहा है। जब इस्लामिक जिहाद से हमारे देश के साथ साथ पूरा विश्व ही चिंतित है, तो भी कुछ वर्षो पूर्व (17.03.2016) नई दिल्ली में आयोजित ÷वर्ल्ड सूफी फोरम÷ में मोदी जी का कथन ÷इस्लाम का अर्थ शांति÷ ,क्या उनकी राजनैतिक विवशता थी ?

उन्होंने आतंकवाद को किसी धर्म से जोड़ने का विरोध करते हुए भी धर्म के नाम पर हिंसा करने वालों को धर्मविरोधी बताया। उनके अनुसार सूफी विचार सभी को एक मानता है और वह मानवीयता व अमानवीयता के संघर्ष में अहम भूमिका निभा सकता है। इससे ऐसा आभास हुआ कि राजनेताओं की भाषण कला लोकतांत्रिक राजनीति के अनुरूप बहुत कुछ कहने की सामर्थ्य रखती है। जबकि मुगलकालीन इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जब सूफियों ने भारत में इस्लाम स्थापित करने के लिए मुस्लिम आक्रान्ताओं का साथ दिया व लिया होगा ?

अगर सूफियों का सन्देश वैश्विक शांति है और वे सभी को एक मानते हैं व क़िसी में भेदभाव नहीं करते तो इस फोरम में सम्मलित होने वाले 20 देशों के मुस्लिम उलेमाओं को कश्मीर, अफगानिस्तान, ईराक़ व सीरिया आदि क्षेत्रों में चल रहे भयानक नरसंहार से कराहती हुई मानव पीड़ा का अहसास अभी तक क्यों नहीं हुआ ? भारतीय उपमहाद्वीप व यूरोप के विभिन्न देशो में जिहाद के लिए पैर पसारता दुर्दांत आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आदि की भविष्य की योजनाओं के विरुद्ध क्या किसी मुस्लिम सूफी ने कोई सकारात्मक सक्रियता का परिचय दिया या भविष्य में ऐसा कुछ साहस करने की संभावना व्यक्त की है ? फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि आतंकवादी किसी सनक, मूर्खता या धनलोभ के कारण ही अपनी जान नहीं देते। वे समझते हैं कि वे अल्लाह की राह पर अल्लाह के लिए अपनी जान देते हैं। तभी तो अधिकतम आतंकवादी घटनाओं में एक विशेष (मुस्लिम) समुदाय की संलिप्तता को प्रायः प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से सभी मानते हैं। जबक़ि कुछ वर्ष पूर्व के समाचार पत्रों के अनुसार अमरीकी संसद की आयी एक रिपोर्ट तो प्रत्यक्ष कहती है कि भारत में घरेलू इस्लामी आतंकवाद बढ़ रहा है।

इस पर भी ध्यान देने वाली बात यह है कि जब तक मदरसों में इस्लामी शिक्षा द्वारा जिहाद को पवित्र बताया जाता रहेगा तब तक आतंकवाद रुक नहीं सकता और आतंकवादी जिस विचारधारा के पोषक हैं उसमें पंथनिरपेक्षता, मानवता व मानवाधिकार आदि के दर्शन भी नहीं होते । इन इस्लामिक जिहादियों को विश्व में इस्लामिक झंडे लहराने की महत्वाकांक्षा ने भी अत्याचारी बना दिया है।

परिणामस्वरूप आज जिहादी मानसिकता से सभी व्यथित हैं फिर भी अगर इसके मूल कारणों की अवहेलना की जाती रहेगी तो इस्लाम में वैश्विक मानवीय विचारधारा का सूत्रपात कैसे हो सकेगा ? इसी सन्दर्भ में 31 जुलाई 1986 में दिल्ली के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट श्री जिलेसिंह लोहाट के कुरान के विषय में किये गये एक ऐतिहासिक निर्णय के अनुसार कुरान की उन आयतों में जो बहुत ही खतरनाक और घृणास्पद होने के कारण मुसलमानों व अन्य समुदायों के बीच भेदभाव व द्वेष का निर्माण करती हैं, आवश्यक संशोधन करवा कर साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाने का प्रयास समस्त मानवतावादियों के लिए सार्थक हो सकता है। आज जब वर्तमान युग में मज़हबी आतंक 'जिहाद' से भारत सहित विश्व के अनेक देशों में मानवता संकट में है तो फिर कोई यह क्यों नही सोचता कि इस्लामिक विद्याओं और उसके दर्शन में सुधार करके सकारात्मक वातावरण बनाया जाए ?

यह विचित्र है कि मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों, राजनेताओं , सामाजिक एवं मजहबी नेताओं आदि ने कभी भी अपने मजहबी दर्शन व विद्याओं में संशोधन का विचार ही नही किया बल्कि वे सभी रूढीवादी व कट्टरपंथी विचारों को या तो प्रोत्साहित करने में ही लगे रहे या फिर उदासीन रहे । काश ऐसा होता तो आज पृथ्वी निर्दोषों व मासूमों के रक्त से लाल न होती। जिहादी जनून के प्रकोप से समाज व संसार सुरक्षित रहते हुए विकास के पथ पर निर्बाध गति से अग्रसर रहता। साथ ही सभ्यताओं के टकराव से विश्व को सुरक्षित करते हुए शांति स्थापित करने में सरलता होती ।

अतः यह समझना होगा कि सत्य सनातन वैदिक हिन्दू धर्म वैसी शिक्षा नहीं देता है जैसी कुछ सम्प्रदायो में ÷अन्य धर्मियों की हत्या करो या उनका धर्मांतरण करो÷ अथवा ÷छलकपट की नीति अपनाकर अन्य धर्मियों का धर्मांतरण करो÷ पढ़ाया जाता है। कुरान के दूसरे अध्याय के 27 पृष्ठों में कम से कम 25 बार गैर मुस्लिमों को हानि पहुँचाने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया है 7 उनके लिए नकारात्मक विशेषण भी हैं 7 जिसको पढ़ कर प्रश्न उठता है कि क्या इतनी अभद्र बातें भी मजहबी ग्रन्थ का हिस्सा हो सकती हैं? इसलिये अत्याचारी व अमानवीय कट्टरपंथी विचारधाराओं की जड़ों को ढूँढ कर उनको सकारात्मक बनाना कठिन हो सकता है परंतु असंभव नहीं ? यह आज की प्रमुख आवश्यकता है ।

यह भी विचार करना चाहिये कि महान् विद्वान व चार बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहें विलियम ग्लैडस्टोन ( जीवनकालः 1809-1898 ) ने ब्रिटिश पार्लियामेंट में यह उल्लेख किया था कि जब तक धार्मिक ग्रन्थ में ऐसी बातें रहेंगी तब तक दुनिया में शान्ति नहीं होने वाली 7 कुछ पिछले समाचारों से यह भी ज्ञात हुआ कि सन 2008 में संयुक्त राष्ट्र संघ (ह्ह) की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि तालिबान व अलक़ायदा आदि जिहादी संगठन पाक व अफगानिस्तान की सीमाओं पर अनेक छोटे छोटे बच्चों को धन देकर व जन्नत का वास्ता देकर जिहाद के लिये प्रशिक्षित करके ÷फिदायींन÷ बनाते हैं। इसके अतिरिक्त एक वरिष्ठ पत्रकार व राष्ट्रवादी विचारक के प्रकाशित एक लेख में जिहाद के विषय में कुछ निम्नलिखित तथ्य मिलेङ्क

9ए बी सी (ABC) के पत्रकार बिल रेडेकर के अनुसार - एक बार जब पेशावर के पास एक प्रसिद्ध मदरसे में फ र्श पर बैठ कर 60 लडके कुरआन की पढाई कर रहें थे, ÷तो मैने उन छात्रों से पूछा कि स्कूल ख़त्म करने के बाद उनमें से कितने डॉक्टर या इन्जीनियर बनना चाहेंगे ? केवल दो लडकों ने हाथ उठाया 7 फिर मैंने पूछा कि कितने लड़के बड़े होकर जिहाद के लिए लड़ना चाहते हैं ? सबने हाथ उठा दिये।÷

9एक पाकिस्तानी पत्रकार आरिफ जमाल ने कश्मीर में सक्रिय रहे 600 जिहादियों के अंतिम पत्रों का अध्ययन करके ÷एशिया टाइम्स÷ में शोध प्रकाशित किया था 7 उन्होंने पाया कि शायद ही ऐसा कोई पत्र हो जिसमें जिहाद में मरने के बाद इनाम स्वरूप जन्नत में मिलने वाली 72 हूरों का जिक्र न किया गया हो 7 इसका अर्थ स्पष्ट है कि उन्हें हुरों का लालच नहीं दिया गया होता तो वे जिहाद के लिए नहीं जाते 7 अपने अंतिम पत्र में जिहादियों ने यह लिख कर इसको जिहाद के लिए अत्यधिक उकसाने वाला बिंदु माना है 7

9अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (UNAMA) की अधिकृत स्कालर क्रिस्टीन फेयर ने जिहादी मानव - बमों पर अध्ययन किया था 7 उन्होंने पाया कि लगभग सभी आत्मघाती जिहादी इस विश्वास से प्रेरित होते हैं कि ÷काफ़िर को मारना हमारा कर्तव्य है÷ इसमें किसी ने चाहे कोई गलत कार्य किया हो या नहीं , उसका ÷काफिर÷ होना ही काफी है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त विश्व के अनेक मानवतावादी व समाजशास्त्रियों का भी यह मानना है कि अगर समय रहते जिहादी मानसिकता को नियंत्रित नही किया गया तो वैश्विक जिहाद की विषबेल को फैलने से कोई रोक नही सकेगा ? इसलिए इस्लाम को शांति का मज़हब व इसके अनुयायियों को शांतिदूत बताने वालों को यह स्वीकार करना होगा कि इस्लामिक जिहाद अनेक हिंसात्मक,भयावह व विध्वंसकारी घटनाओं से मानवता के साथ साथ संसार के सुंदर रूप को भी नष्ट करने का एक जनून है। इसलिये इस्लामिक विद्याओं व इनके दर्शन शास्त्रो में आवश्यक सकारात्मक संशोधन करवाना इन विद्याओं के विशेषज्ञों और उदारवादी धर्मगुरुओं का प्रमुख दायित्व बनता है ।

**यह निजी विचार है।**

## ज्ञान है तो शान है,ज्ञान के सूरज से परे होता अज्ञानता का अंधकार।

( राष्ट्र के उत्थान में शिक्षा अति-महत्वपूर्ण)

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैद्य जिस देश की भाषा,शिक्षा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई नई-नई गाथाएं लिखीं जाएंगीद्य मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील हैद्य

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफेन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैद्य यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी हैद्य

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है द्य राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफअग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैद्य भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

**संजीव ठाकुर,**
**स्तंभकार, चिंतक,**

# हिंदी ने हर दूसरी क्षेत्रीय भाषा को स्वीकार किया है, जो इसकी प्रासंगिकता की सबसे बड़ी वजह बन गई है: सर्बानंद सोनोवाल




## हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी एक वैश्विक भाषा, जिसकी क्षमता उसे पहले से ही हासिल है: श्री सर्बानंद सोनोवाल

लोकशक्ति

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, मद्रास के 83वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और महात्मा गांधी दीक्षांत हॉल में दीक्षांत भाषण दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, मद्रास के प्रेसिडेंट श्री वी मुरलीधरन ने की। इस अवसर पर प्रवीण और विशारद परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लगभग 8000 छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर मद्रास के रैंक धारकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण भारत के सभी राज्यों से कार्यकारी समिति, अकादमिक परिषद और शासी निकाय के सदस्य भी शामिल हुए। इस अवसर पर दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पांच वरिष्ठ हिंदी प्रचारकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम की प्रत्येक दक्षिणी भाषा के चार-चार साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया, जो गांधी जी के एकीकरणवादी दृष्टिकोण का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में अन्य सम्मानों के अलावा, शिक्षा परिषद, डीबीएचपी सभा के चेयरमैन श्री पी ओबैया ने एमए, एम.फिल, पीएचडी, बी.एड और पीजी डिप्लोमा के छात्रों को निष्ठा की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने देश के एकीकरण में हिंदी की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला, जिस पर गांधी जी हमेशा जोर देते थे। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी ने कभी भी अपने किसी भी क्षेत्रीय समकक्ष के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार नहीं किया है और उनमें से प्रत्येक को स्वीकार किया है। बल्कि, हिंदी ने अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को समृद्ध ही किया है।

श्री सोनोवाल ने यह भी कहा कि हमें भारतीयों के रूप में हिंदी को वैश्विक भाषा बनाने की दिशा में काम करना चाहिए, जिसके लिए उन्होंने युवाओं से सबसे सार्थक तरीके से योगदान करने का आह्वान किया।

# महिला नेतृत्व वाली पंचायतें चमकीं: राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेताओं में 42% का नेतृत्व महिलाएं कर रही

पीआईबी



पंचायती राज मंत्रालय ने मूल्यांकन वर्ष 2022-2023 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार उत्कृष्टता के एक मानक के रूप में जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को आगे बढ़ाने में देश भर में पंचायती राज संस्थानों के अनुकरणीय प्रयासों को स्वीकार करते हैं। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 के लिए सम्मान समारोह 11 दिसंबर, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगा, जहाँ माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार विजेताओं/प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

इस वर्ष, विभिन्न श्रेणियों के तहत 45 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है, जो जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास में उपलब्धियों के व्यापक फ्लक को दर्शाता है । श्रेणियों में दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार, नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार, ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार, कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार और पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार शामिल हैं। ये पुरस्कार गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल पर्याप्तता, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और जलवायु स्थिरता जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपलब्धियों को मान्यता देते हैं।

इस वर्ष प्रतियोगिता में 1.94 लाख ग्राम पंचायतों ने भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली 42 पंचायतों में से 42त्न पंचायतें महिला नेतृत्व वाली हैं। सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया में ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक 5 विभिन्न समितियों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के स्थानीयकरण के साथ जुड़े विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में पंचायतों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन शामिल था। यह प्रक्रिया पारदर्शिता को बढ़ावा देने और पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

यह घोषणा पंचायती राज संस्थाओं की सराहनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने का मंच तैयार करती है। यह घोषणा सुदृढ़ और जीवंत ग्रामीण समुदायों को आकार देने में पंचायतों की भूमिका पर भी जोर देती है। यह प्रतिष्ठा न केवल इन संस्थाओं द्वारा किए गए असाधारण कार्यों की मान्यता के रूप में कार्य करती है, बल्कि इसका उद्देश्य अन्य पंचायतों को अपने क्षेत्रों में इन सर्वोत्तम प्रथाओं को दोहराने के लिए प्रेरित करना भी है।

## ED का महादेव सट्टा मामले में बड़ा एक्शन, 387 करोड़ की संपत्ति और कुर्क की, यह विदेशी कंपनी भी शामिल

**नई दिल्ली.** महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है. केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत महादेव सट्टा मामले में 387.99 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है. ईडी ने पांच दिसंबर को यह संपत्ति कुर्क की है. अटैच की गई संपत्ति में मॉरीशस की कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की चल संपत्ति भी शामिल हैं. इसे एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल में निवेश किया गया था. ईडी ने छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित अचल संपत्तियां को भी अटैच किया है. एजेंसी के मुताबिक यह सभी संपत्तियां कई सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और सहयोगियों की हैं.

**सट्टेबाजी को बढ़ावा देता है महादेव एप** - ईडी की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप एक सिंडिकेट के तौर पर काम करता है. इसमें व्यक्ति अपना पंजीकरण करता है. इसके बाद उसका यूजर आईडी बनता है. एप के पास बैनामी बैंक खातों का एक जटिल नेटवर्क है. इसके माध्यम से वह मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम देता है।

## शार्ट न्यूज

### विशेष अभियान 4.0 की मूल्यांकन रिपोर्ट, सुशासन सूचकांक 2023 और सीपीजीआरएएमएस की वार्षिक रिपोर्ट जारी की जाएगी।

**पीआईबी।** कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग केंद्रीय सचिवालय में 'निर्णय लेने में दक्षता बढ़ाने' की पहल के परिणाम प्रस्तुत करेगा और 2 से 31 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता के संस्थागतकरण व लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 के दौरान सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को भी प्रस्तुत करेगा।

लोक शिकायतों के निवारण एवं सेवा वितरण में सुधार के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' 19 से 24 दिसंबर, 2024 तक भारत के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम 2 से 31 अक्टूबर, 2024 तक केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में आयोजित विशेष अभियान 4.0 का विकेन्द्रीकृत संस्करण है।

इस अभियान में 700 से अधिक जिला कलेक्टर भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों तथा पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरा अवसर है, जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान एवं सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी। प्रशासन गांव की ओर अभियान सुशासन के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन साबित होगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। सुशासन सप्ताह 2024 का प्रारंभिक चरण 11-18 दिसंबर, 2024 तक शुरू होगा। सुशासन सप्ताह 2024 के कार्यक्रम को शुरू करने के लिए एक पोर्टल httpsÑ//darpgapps.nic.in/GGWwy का उद्घाटन 11.12.2024 को किया जाएगा।



# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए शहरों में लगे कैम्प : सांसद संतोष पांडे

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल की सार्थकता शहर में कैम्प लगाकर ही पूरी होगी : सांसद संतोष

लोकशक्ति | राजनांदगांव –

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्रांतिकारी सोच ÷सभी के सिर हो अपने घर की छत÷ को पूरा करने विष्णुदेव की सरकार लगातार लोगों तक पहुंच रही है । छत्तीसगढ़ की इस सार्थक पहल की सफ्लता शहरी क्षेत्रों में आवासहीनों को आवास की सुविधा देकर ही की जा सकती है ।

राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) 2.0 के द्वितीय चरण की शुरुआत के लिए शहरों में शिविर लगाने की माँग की है । उन्होंने पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) 2.0 के नियमों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति हेतु शिविर लगाया जाना चाहिए । पूरे प्रदेश में शिविर के माध्यम से गरीब एवं जरुरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जैसी महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से आधिक लाभ प्राप्त कर सकें ।

# ग्लोबल ट्रेड डायनामिक्स: डिजिटल इकॉनमी एंड द रूल ऑफलॉ

पीआईबी7

**हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू), रायपुर ने अपने सेंटर फॉर डब्लू टी ओ एंड डब्लू आई पी ओ स्टडीज, स्कूल ऑफलॉ एंड टेक्नोलॉजी और यूएनसीआईटी - आरसीएपी) के सहयोग से, यूएनसीआईटी एशिया पैसिफिक डेज़ 2024) के अंतर्गत इंटरनेशनल सिंपोज़ियम ऑन ग्लोबल ट्रेड डायनामिक्सः डिजिटल इकॉनमी एंड द रूल ऑफलॉ का 6 दिसंबर 2024 को ऑनलाइन मोड में सफ्लतापूर्वक समापन किया।**



इस संगोष्ठी का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन के लिए कानूनी ढाँचे को मजबूत करने तथा अंतर-विषयी संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीतियों का अन्वेषण करना था। यह कार्यक्रम सेंटर फॉर डब्लू टी ओ एंड डब्लू आई पी ओ स्टडीज के प्रमुख डॉ. अंकित अवस्थी द्वारा विचारित और संचालित किया गया, जिन्होंने सत्रों और अपेक्षित परिणामों का अवलोकन प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र में एचएनएलयू कुलपति एवं कंसोर्टियम ऑफएन एल यू के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंदन, ने डेटा प्राइवेसी, साइबर सिक्योरिटी, आई पी प्रोटेक्शन, डिजिटल डिवाइड तथा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के नियमन जैसी महत्वपूर्ण कानूनी चुनौतियों को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि सुश्री अठिता कोमिंद्र, प्रमुख, यूएनसीआईटीआरएएल - आरसीएपी ने डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए समरस कानून फ्रेमवर्क विकसित करने में यूएनसीआईटीआरएएल के प्रयासों पर प्रकाश डाला, और वैश्विक कानूनी एकरूपता का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों और परियोजनाओं पर जोर दिया। सम्माननीय अतिथि प्रो. (डॉ.) जेम्स जे. नेडुमपारा, प्रोफेसर एवं प्रमुख, सेंटर फॉर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लॉ, आईआईएफ्टी ने विकसित होती डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर इसके प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने डिजिटल ट्रेड, डेटा फ्लोज़और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर स्पष्ट नियमों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही भारत की प्रगति, क्षमता निर्माण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

उद्घाटन के बाद ÷ई-गवर्नेंस एंड द रूल ऑफ लॉ: स्ट्रेंग्थेनिंग लीगल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन इन द एशियन पैसिफिक÷ विषय पर पैनल चर्चा हुई। श्री लूका कैस्टेलानी, यूएनसीआईटी लीगल ऑफिसर , विएना ने डिजिटल ट्रेड को आगे बढ़ाने में हृष्टढ्ढञ्जक्रू की प्रमुख पहलों, डेटा-आधारित प्रणालियों के लिए कानूनी ढाँचे, सीमापार मान्यता और स्वचालन पर प्रकाश डाला। सुश्री प्रियंका किशोर, डायरेक्टर एंड प्रिंसिपल इकोनॉमिस्ट, एशिया डिकोडेड , सिंगापुर ने अमेरिकी व्यापार नीतियों के एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के माध्यम से भारत की संभावित वृद्धि पर जोर दिया।

सुश्री अमरीन तनेजा, स्टैण्डर्ड एंड डिजिटल प्लीसी लीड , डिजिटल गुड्स एलायंस, यूनिसेफ फ्रांस ने डिजिटल पब्लिक गुड्स की भूमिका पर बात की, जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स और कानून के शासन को आगे बढ़ाने में सहायक हैं। सुश्री पल्लवी बजाज, वरिष्ठ विधिक सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, ने जवाबदेही, पारदर्शिता और सशक्त कानूनी ढाँचे की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात् डॉ. जियांकुन ली, सहायक प्रोफेसर एवं मास्टर्स सुपरवाइज़र, इंटरनेशनल लॉ स्कूल, चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ पॉलिटिकल साइंस एंड लॉ, बीजिंग ने चीन के डिजिटल व्यापार के कानूनी ढाँचे और भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा की, जिनका उद्देश?य विकास, सुशासन, और डेटा सुरक्षा को मजबूत करना है। पैनलिस्टों ने तत्पश्चात उत्पादक और रोचक प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जिसका संचालन एचएनएलयू के छात्र श्री प्रतीक मंजुल और सुश्री कृतिक्का सेनथिल कुमार ने किया।

समापन सत्र में प्रो. राज भाला, लॉ स्कूल, यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास से मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, जिन्होंने ट्रम्प शासन के दूसरे काल में परिस्थितियों के रूप और अटेंडंट चैलेंजिस पर प्रकाश डाला। सम्माननीय अतिथि डॉ. अजय गर्ग, प्रमुख, डिजिटल टेक एंड लॉ , आनंद एंड आनंद, दिल्ली ने डिजिटल ट्रेड की चुनौतियों, एआई नियमन, और यूएनसीआईटीआरएएल की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो एक सुरक्षित, समावेशी वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण में सहायक है।

इस संगोष्ठी में 19 देशों से 425 पंजीकृत प्रतिभागी शामिल हुए, जो 6 न्यायाधिकारों का प्रतिनिधित्व करते थे। प्रतिभागियों में एशिया-प्रशांत ऑस्ट्रेलिया , चाइना , भारत , जापान , कोरिया , नेपाल , पाकिस्तान , सिंगापुर, वियतनाम , मध्य पूर्व एवं उत्तरी अफ्रीका बहरीन, इजिप्ट, जॉर्डन, युनाइटेड अरब एमिरात्स, यूरोप फ्रांस, पुर्तगाल, ऑस्ट्रिया वियना, उत्तर अमेरिका युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, मैक्सिको, नाइजीरिया के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।

# एबिलिम्पिक्स प्रतियोगिता दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मूल्यवान अवसर प्रदान करती है: लोकसभा अध्यक्ष

पीआईबी



लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि दिव्यांगजन ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ के मंत्र पर आधारित राष्ट्र की प्रगति की यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और इसका उद्देश्य भारत की प्रगति में प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग और समुदाय को शामिल करना है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे उसकी पृष्ठभूमि या हालात कुछ भी हों, समान अवसर और अधिकार प्राप्त हों।

गुरुग्राम में 11वें राष्ट्रीय दिव?यांगता सम्मेलन और 11वीं राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह मंच दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशन हेतु काम करने तथा उनकी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के प्रयासों से देश भर में दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल हालात और बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में मदद मिलती है। दिव्यांगजनों की विशेष क्षमताओं पर रोशनी डालते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने सभी माननीय सांसदों से दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। इस मौके पर श्री बिरला ने दिव्यांगजनों को संविधान का ब्रेल संस्करण भी भेंट किया।

श्री बिरला ने कहा कि राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स प्रतियोगिता प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है और समाज को दिखाती है कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी व्यक्ति यदि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करता है, तो उसे कोई भी चीज उस लक्ष?य को प्राप?त करने से रोक नहीं पाती है। उन्होंने कहा कि भारत को समानतावादी समाज बनाने के लिए दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाना होगा।

इस बात को रेखांकित करते हुए कि सरकार के प्रयास समाज के समग्र विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं, लोकसभा अध?यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार इस कार्य को दूरदर्शिता और तत्परता के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहलों, जैसे कि ÷दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम÷ और ÷सुगम्य भारत अभियान÷, ने शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

सरकार के प्रयासों में जहां कमी रह गई उस कमी को दूर करने में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए, श्री बिरला ने सार्थक शैक्षणिक ट्रस्ट और नेशनल एबिलिम्पिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई) के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने 33 लाख से अधिक दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाई है और उन्हें सशक्त बनाया है। श्री बिरला ने कहा कि आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते हुए राष्ट्र की प्रगति में दिव्यांगजनों को शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है। ÷दिव्यांग पेंशन योजना÷ जैसी योजनाओं के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम दिव्यांगजनों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जुड़ा हुआ महसूस करवाने और उनका मनोबल बढ़ाने में मदद करते हैं। इस संदर्भ में, श्री बिरला ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में भारतीय एथलीटों के प्रभावशाली प्रदर्शन पर गर्व करते हुए कहा कि वहां उन्होंने 7 स्वर्ण पदकों सहित 29 पदक जीते। श्री बिरला ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि ये प्रतियोगिता कौशल-आधारित स्पर्धाओं और प्रोद्योगिक नवाचारों पर केंद्रित थी।

# सांसद संतोष पान्डेय की अनुंशसा से नवीन नगर पंचायत लालबाहादुर नगर मे 1 करोड़ से अधिक के कार्य स्वीकृत

लोकशक्ति

लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नवीन नगर पंचायत लालबाहादुर नगर में एक करोड पचास हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु राशि रू. 1.50-1.50 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 20 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें एक करोड पचास हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। लालबाहादुर नगर में विकास कार्यों के लिए राशि प्रदान करने हेतु सांसद संतोष पांडे का लालबाहादुर नगर मंडल भाजपा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है ।

भाजपा सरकार बनने के पश्चात नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए लगातार राशि प्रदान की जा रही है। आभार व्यक्त करने वालो में भरत वर्मा, बोधी राम साहू, मूलचंद लोधी, गिरवर साहू, जयपाल सिन्हा, चन्द्रकुमार देवांगन, रामाधीन देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, टामेश्वर साहू, देवेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण वर्मा, रोशनलाल साहू, श्रीमती वर्षा गेडाम, श्रीमती किरण साहू, हनस पटेल, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, प्रशांत कोड़ापे, विनम साहू, राकेश महिलांग, बेदराम ताम्रकार, महेन्द्र वैष्णव, देवेन्द्र यादव है। निर्माण कार्य निम्नानुसार है वार्ड क्रमांक 01 सोसायटी से मषान गंज तक नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य 19.99,वार्ड क्रमांक 01 सोसायटी से मषान गंज रोड में आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य 2.25,वार्ड क्रमांक 02 शिव मंदिर के पास आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य 0.96,वार्ड क्रमांक 04 मेन रोड से बीर सिंह के घर से एवं सीसी रोड से रोजगार सहायक के घर से नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य9.78,वार्ड क्रमांक 04 तालाब से सुमरन बरेठ के घर तक नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य10.34,वार्ड क्रमांक 04 मेन रोड से आंगनबाडी भवन तक नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य7.04,वार्ड क्रमांक 04 मेन रोड से रोजगार सहायक के घर से बीर सिंह के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 3.67,वार्ड क्रमांक 05 सुखदेव के घर से गणेश सिन्हा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 6.98,वार्ड क्रमांक 06 परमानंद के घर से दिपक यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 3,27, वार्ड क्रमांक 06 दिपक यादव के घर से लालू सोनी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2.08, वार्ड क्रमांक 06 डोमर सिंहा के घर से सुरेष किराना तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2.08, वार्ड क्रमांक 07 टिकेत साहू के घर से बड़े तालाब तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2.87,वार्ड क्रमांक 09 टिकम दास के घर से मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 4.06,वार्ड क्रमांक 09 टिकम दास के घर से मेन रोड तक एवं उत्तम के घर से श्याम बाई के घर तक नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य 7.61,वार्ड क्रमांक 09 उत्तम के घर से श्याम बाई के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 3.84, वार्ड क्रमांक 11 एल.बी.नगर में ऑफिस भवन मरम्मत कार्य 28.00, वार्ड क्रमांक 15 बसंती साहू के घर से मेन रोड तक नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य 12.80, वार्ड क्रमांक 15 मेन रोड से उमेश देवांगन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2.60, वार्ड क्रमांक 15 तुलसीराम साहू के घर से मेन रोड (दुर्गा मंच) आरसीसी नाली निर्माण कार्य 6.73, वार्ड क्रमांक 15 मेन रोड से उमेश देवांगन के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 3.06 के कार्य किए जाएगें।

# बड़े धूमधाम से निकली भगवान की बारात

## नगर निवासियों ने अपने निवास के सामने बारातियों का खूब स्वागत किया

शिवरीनारायण /



6 दिसंबर शुक्रवार, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी को श्री राम जानकी विवाह उत्सव अत्यंत धूमधाम से श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। शिवरीनारायण मठ से शाम 5 बजे भगवान की बारात शोभा यात्रा के साथ निकली। सबसे पहले बड़े मंदिर के सामने भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अवधपुरी धाम से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज एवं महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के सानिध्य में शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई।

नगर के जिन चौक चौराहों से होकर शोभायात्रा आगे बढ़ते गई लोगों ने अपने-अपने द्वार के सामने पूजा की थाली लेकर भगवान की आरती की एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी लोगों ने अपने-अपने दरवाजे पर दीपक जलाकर दूल्हा-दुल्हन बने राघवेंद्र सरकार और माता जानकी जी का अभिनंदन किया। बारात रात्रि 8:00 बजे मठ पहुंची। यहां नगर की माताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर परछन किया एवं भगवान श्री सीताराम जी को मंडप में आसीन किया गया। श्री अवधपुरी धाम से पधारे हुए कलाकारों ने अपने संगीत के माध्यम से बधाई गान किया।

माताओं ने संपूर्ण ब्रह्मांड के कल्याण करने वाले जगत पिता परमेश्वर भगवान श्री रामचंद्र जी एवं माता जानकी सहित चारों दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद प्रदान करते हुए जब तक सूरज, चंद्रमा और ब्रह्मांड है तब तक उनकी जोड़ी बनी रहे, कहकर शुभकामनाएं दी।*

देश के अनेक प्रसिद्ध स्थान से आए हुए संत महात्माओं, साध्वी भक्तिनों के अतिरिक्त नगर के नवयुवक एवं बालिकाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुई। उन्होंने भगवान के बाराती बनकर खूब नृत्य किया। बारात में विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत जी, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय, लखनऊ गोमती नगर हनुमान मंदिर के महंत स्वामी जगदेव दास जी महाराज, सुभाष दास जी तथा सुप्रसिद्ध भागवताचार्य एवं मानस मर्मज्ञ नीरज कृष्ण शास्त्री जी महाराज, ओम प्रकाश शर्मा, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी किरण कुमार मिश्रा,रामेश्वर दास जी त्यागी, मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, सुखराम दास जी, हेमंत दुबे तथा गुलजार सिंह, वीरेंद्र तिवारी, दिलीप तिवारी,पूर्णेन्द्र तिवारी, सुबोध शुक्ला,कमलेश सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा, योगेश शर्मा ,देवा लाल सोनी, उदयराम कैवर्त,रायपुर से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित दास , ज्ञानेश शर्मा, अशोक शर्मा, भगतराम शर्मा, शरद पांडे, भूपेंद्र पांडे, राजेश भट्ट, पिंटू भट्ट, भरत दास वैष्णव, गजेंद्र दास वैष्णव, जीवनलाल कुंभकार, प्रतीक शुक्ला, बद्री आदित्य, गोपाल केवट, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नगरीकरण सम्मिलित हुए।



# विधायक, जनप्रतिनिधियों ने निक्षय-निरामय रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना




**जांजगीर- चांपा** / भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टीबी रोग के उन्मूलन की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए 07 दिसंबर 2024 से ÷निक्षय निरामय छत्तीसगढ़÷ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान÷ प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत आज जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में ÷निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़÷ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 07 दिसंबर 2024 से 23 मार्च 2025 तक 04 चरण में आयोजित किया जाएगा। आडिटोरियम में आज निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिनों तक टीबी, मलेरिया एवं कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी तथा उनका उपचार किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे लोगों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों से लड़ाई लड़ी और आज स्वस्थ जीवन का आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित जिले को टीबी ,कुष्ठ मुक्त बनाने शपथ ली गई । इस दौरान ÷निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़÷ रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक एवं अतिथियों ने रवाना किया। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, जांजगीर-नैला नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री आशुतोष गोस्वामी, श्री गुलाब सिंह चंदेल, इंजी. रवि पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती स्वाति वंदना सिसोदिया, डीपीएम श्री उत्कर्ष तिवारी, डॉ. पी. एस. बैस टीबी नोडल अधि., डॉ. महेन्द्र सोनी बीएमओ अकलतरा पामगढ़ डॉ. दीपक जायसवाल जी सिविल सर्जन अधि, डॉ. सौरव यादव बीएमओ पामगढ, डॉ. व्ही. के. पैगवार नोडल अधि. कुष्ठ, डॉ. रामायण सिंह बीएमओ अकलतरा, जांजगीर- डॉ. अभिषेक कौशिक, पार्थ प्रताप सिंह बीपीएम अकलतरा, डॉ. आजम्बर सिंह बीएमओ बम्हनीडीह, श्री लखन लाल उरांव डीडीएम, श्री सोमेश तिवारी, डीपीसी श्री विनोद गोपाल, श्री प्रशांत सिंह , सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं नर्सिंग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नगर मंडल ने बाबा साहब को अर्पित किया श्रद्धासुमन



जांजगीर-चांपा

नगर मंडल भारतीय जनता पार्टी जांजगीर द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर स्थल पर पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष व नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी , रवि पांडे , नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष हितेश यादव , पार्षद उमेश राठौर , पार्षद पुष्पेंद्र निर्मलकर , पलाश चंदेल , अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवानंद गढ़वाल , महामंत्री राकेश गढ़वाल , लक्ष्मी सारथी , डॉ ललित कुर्रे , मोतीलाल डहरिया अनिल शर्मा , अजीत गढ़वाल , हरदेव टंडन , गजानंद ध्रुव , सतीश शर्मा , प्रेम शंकर तिवारी , रेखा गढ़वाल , प्रेमलता कौशिक ,पूजा राठौर उपस्थित थे ।

# मंडल निरीक्षक पर शासन प्रशासन मेहरबान

## गंभीर शिकायतों के बावजूद कार्यवाही नही आ रहा सामने




**जैजैपुर /** आदिम जाति विकास विभाग के जैजैपुर मंडल निरीक्षक पर शासन प्रशासन की मेहरबानी देखने को मिल रहा है, जिसके चलते गंभीर शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई सामने नही आया है । ज्ञात हो कि विभाग द्वारा आश्रम , छात्रावासों की अधीक्षकों के बीच समन्वय के लिए मंडल निरीक्षक का पद दिया गया है , जिसमे जैजैपुर मंडल के लिए संदीप खांडेकर की नियुक्ति से लगातार शिकायतों का दौर चल रहा है । पूर्व में क्षेत्र की अधीक्षकों द्वारा कलेक्टर व विभागीय आयुक्त से अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें मंडल निरीक्षक पद से हटाने की मांग रखा गया था जिस पर कलेक्टर द्वारा विषय को समय सीमा में लेकर अधीक्षकों को कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था जिसके बाद से अभी तक कोई कार्रवाई नही हो सका है और न ही संबंधित के खिलाफ कोई जांच समिति का गठन किया गया है जबकि अन्य विभागीय शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही किया जा रहा है । बहरहाल इस स्थिति में जहां शिकायत कर्ता अधीक्षकों में आक्रोश व्याप्त है वहीं कार्यवाही सामने नही आना शासन प्रशासन की संबंधित अधिकारी पर वरदहस्त होने की ओर भी इशारा कर रहा है ।

### प्रबंधक/अधीक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता/ काउन्सलर भर्ती के लिए दावा आपत्ति 12 तक आमंत्रित

कोरबा 07 दिसम्बर (आरएनएस)। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत वृद्धाश्रम संचालन करने हेतु प्रबंधक / अधीक्षक एवं सामाजिक कार्यकता/ काउन्सलर पदों पर भर्ती हेतु अभ्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया।साक्षात्कार पश्चात् अंतिम चयन सूची जारी जाएगी जिसे कोरबा जिले के वेबसाईटूणवतइंण्हवअण्पद या कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में दावा-आपत्ति संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति 12 दिसंबर तक कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण कोरबा में कार्यालयीन दिवसों में सायं 5:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं।

# जांजगीर पुलिस की तत्परता से 1 घंटे में गुम बालक को पातासाजी कर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा गया



**जांजगीर चांपा /** कमलेश यादव निवासी कोरबा जो अपने परिवार बच्चे के साथ रिश्तेदार के यहां पुराना कलेक्ट्रेट के पास जांजगीर आया था जिसका पुत्र भावेश यादव उम्र 3 वर्ष जो आज दिनांक 7 दिसंबर 24 दोपहर 3 बजे करीबन अचानक कहीं घूमते घूमते कहीं गुम हो गया था आज पास खोजने पर नहीं मिला। जिसकी सूचना निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर* को मिलने पर तत्काल बालक की पातासाजी हेतु जांजगीर शहर के चौक चौराहों तरफ अलग अलग थाना स्तर से टीम गठित कर पातासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि बालक घूमते घूमते नेताजी चौक हरियाणा जलेबी दुकान तरफ आ गया था जिसे थाना जांजगीर पुलिस द्वारा सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बच्चे को पाकर उसके परिवारजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया।

बच्चे की पतासाजी करने में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, ,स्द्व रामप्रसाद बघेल एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का आयोजन किया

रायपुर, संवाददाता।




कलिंगा विश्वविद्यालय ने शनिवार, 7 दिसंबर 2024 को अपने परिसर में विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 65 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और 150 मॉडल प्रस्तुत किए। 400 से अधिक छात्रों ने परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल (एसएजीईएस) मोहोबा बाजार, रायपुर के विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा जूते पर मॉडल प्रस्तुत करने के लिए 10,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। प्लास्टिक ईंटों के लिए अध्ययन अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर ने 7500 रुपये का दूसरा पुरस्कार जीता। दावरा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर को प्रशंसक आत्महत्या मामले रोकने के मॉडल के लिए 5000 रुपये का तीसरा पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और डायरी उपहार स्वरूप दी गई।

प्रतिभागियों को 2500-2500 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए गए- स्मार्ट हेड लाइट डिटेक्टर मॉडल के लिए दावरा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर, केवी नया रायपुर को सुनामी डिटेक्टर प्रणाली के लिए, कृष्णा पब्लिक स्कूल, नया रायपुर को भूकंप अलार्म पर आधारित मॉडल बनाने के लिए, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर के विद्यार्थियों को इको फ्लो नेचर मॉडल के लिए तथा भारत माता सीनियर सेकेंडरी स्कूल नया रायपुर के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह और डायरी भी प्रदान की गई।

लर्नर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुर को गार्जियन स्टिक बनाने के लिए तथा ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर को टॉकिंग स्टिक बनाने के लिए विशेष सम्मान दिया गया। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और मौके पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल के सदस्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बेरला के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगपाल सिंह बल थे। श्री राजा मुखर्जी, एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल के कैम्ब्रिज विंग के वरिष्ठ भौतिकी और गणित संकाय और कैम्ब्रिज परीक्षा अधिकारी, डॉ आर जयकुमार, कलिंगा विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के डीन, डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, डॉ. सुषमा दुबे, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग और डॉ. आलोक वर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय।

विभिन्न स्कूलों के छात्र और शिक्षक उपस्थित थे, जिनमें सेज नैवेदिता, सेज शहीद स्मारक हायर सेकेंडरी स्कूल फाफाडीह, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भारत माता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेज महोबा बाजार, पीएम श्री हरिहर सेज नवापारा, श्री गुजराती एच.एस. स्कूल देवेन्द्र नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर, श्री शंकरा विद्यालय भिलाई, डीएवी, हुडको भिलाई, न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2, एमएम स्कूल, पं. आरडी तिवारी साधु आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विभागों की हुई समीक्षा




**कोरबा** । जिला पंचायत के सभागार में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला सिंह कंवर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विभागीय योजना के कार्यों की समीक्षा की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर के द्वारा सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग की उपस्थिति में कृषि विभाग,सहकारिताएवं लोकनिर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समाज के (कोरबा)अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाए,जिससे ग्रामीण विकास हो सके। जनप्रतिनिधियों ने लोकहितकारी मुद्दों को लेकर विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत श्री नाग ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा शासन के निर्देशानुसार किसानों को धान बेचने की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रीना अजय जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री गणराज सिंह कंवर,श्री संदीप कंवर, श्री राम नारायण उरैती, श्रीमती गोदावरी राठौर,श्रीमती नीलिमा धृतलहरे,श्रीमती उर्मिला मरकाम, सर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, उपसंचालक जिला पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा** । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों एमओ-आयुष (आरबीएसके), फिजियोथैरेपिस्ट-एनएचएम/एनयूएचएम, डेटा असिस्टेंट-एनएचएम, लैब सुपरवाईजर-एनटीईपी, नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम/ एनयूएचएम/ एनएमएचपी/एनआरसी/ ट्रॉमा एण्ड एमरजेंसी, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर-एएएम, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर, एलटी-एनएमएम, ऑफ्थैलेमिक असिस्टेंट, फिडिंग डेमोंस्ट्रेटर काउंसलर एएनएम-आरबीएसके/एनयूएचएम, डेंटल असिस्टेंट, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट-पीएडीए/एनएचएम/एनयूएचएम के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 23 दिसंबर 2024 षाम 05:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय तथा जिले की वेबसाइट ूणवतइंण्हवअण्पद का अवलोकन किया जा सकता है।

### राज्य वीरता पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित

कोरबा 07 दिसम्बर (आरएनएस)। राज्य वीरता पुरस्कार 2024 हेतु प्रविष्टियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक 02 जनवरी 2025 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास में आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य षासन द्वारा प्रदेष के बच्चों को किसी घटना विषेष में उनके द्वारा प्रदर्षित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफकी भर्ती के लिए पात्र/अपात्र सूची जारी

0 23 दिसंबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

कोरबा 07 दिसम्बर (आरएनएस)। जिला खनिज न्यास मद से दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफकी भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पद की पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट ूणवतइंण्हवअण्पद में दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में 23 दिसंबर समय 5:00 बजे तक आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 8109799954 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पत्नी की चाकू मारकर हत्या, : बेटियों को जख्मी कर खुद की नस काट लिया, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा 07 दिसम्बर (आरएनएस)। सनसनीखेज और लोमहर्षक घटनाक्रम में एक युवक ने पत्नी और दो बच्चों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे पत्नी सतरूपा साहू की मौके पर मौत हो गई और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

मामला कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 47 जमनीपाली का है। घटना देर रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक ने पत्नी को चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत की नींद सुलाने के बाद दोनों बच्चियों के ऊपर भी वार किया जिससे एक बच्ची की हालत गंभीर है। युवक ने वार करने के बाद खुद भी अपना नस काट लिया है।

# कोटपा एक्ट का कड़ाई से पालन करें : संभागायुक्त

### शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज दायरे में नहीं बिकने चाहिए तंबाकू गुटखा

लोकशक्ति

बिलासपुर (वीएनएस)। मुख्य सचिव के निर्देश पर संभागायुक्त महादेव कावरे ने कोटपा एक्ट को लेकर संभाग के सभी जिलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टरों और संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तम्बाकू और गुटखा के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए एक्ट का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए। स्कूलों को तम्बाकू मुक्त परिसर घोषित कराकर प्रमाण पत्र देने को भी कहा है।

बैठक में संभागायुक्त कावरे ने कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन सहित जिला स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति की नियमित त्रैमासिक बैठक आयोजित किया जाए तथा जिला अधिकारियों की प्रति सप्ताह ली जाने वाली समय-सीमा की बैठकों में भी इस पर चर्चा किया जाए। जिलों में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों की बिक्री ना हो। इस हेतु सम्बंधित शिक्षण संस्थान के भारसाधक अधिकारियों को निर्देशित किया जाये। इस सम्बंध में संस्था प्रभारी से नियमित रूप से प्रमाण पत्र लिया जावे।

कोटपा एक्ट के प्रावधानों के सतत निगरानी एवं उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें एवं जिला स्तर पर वाट्सएप नम्बर भी जारी किया जावे। जिला स्तरीय प्रवर्तन दलों के माध्यम से सप्ताह में कम से कम एक बार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कोटपा एक्ट के तहत् निगरानी सुनिश्चित करें एवं समय समय पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,तहसीलदार द्वारा भी अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत के संस्थानों में निरीक्षण कर एक्शन सुनिश्चित करायें। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता हेतु संचालित वाहनों,रिक्शों व अन्य माध्यमों से तम्बाकू नियंत्रण एवं कोटपा एक्ट के प्रावधानों का निरंतर प्रचार प्रसार कराये जाना सुनिश्चित करें।



स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से तैयार टोबेको मॉनिटरिंग ऐप की समीक्षा कर इसके सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में संचालित एनसीसी एवं एनएसएस, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति कार्यक्रम तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यमों से तम्बाकू नियंत्रण के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे। सभी शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू के सेवन से हाने वाले नुकसान और इसे छोड़ने वाले लाभों के सम्बंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता सम्बंधी गतिविधियां आयोजित की जावे। पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे क्राइम मीटिंग इसे एजेण्डा के रूप में सम्मिलित करते हुए सतत् समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा नगरीय प्रशासन एवं विकास, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, के अधिकारियों का सहयोग भी इसमें लिये जाएं।

### कोरबा में शौर्य यात्रा और त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की भव्य तैयारी

**0 15 दिसम्बर को ओपन थिएटर मैदान में होगा आयोजन**

**कोरबा** एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे के चर्चित नारे के साथ बजरंग दल ने हिंदू समाज को एकजुट करने और समाज के हितों की रक्षा के उद्देश्य से 15 दिसंबर 2024 को एक भव्य शौर्य यात्रा और त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम कोरबा जिले के घंटाघर मैदान में होगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, जागरूकता और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना है। बजरंग दल का मानना है कि हिंदू विरोधी ताकतों का सामना करने और समाज को सुरक्षित रखने के लिए समाज का संगठित और सशक्त होना आवश्यक है। इस पहल के तहत युवाओं को न केवल एकता का संदेश दिया जाएगा, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और समाज सेवा के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में शौर्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता और समाज के अन्य लोग भाग लेंगे। इसके साथ ही, त्रिशूल दीक्षा के माध्यम से युवाओं को धर्म और समाज की रक्षा के लिए शपथ दिलाई जाएगी। बजरंग दल ने सभी हिंदू समर्थकों और समाज के हर वर्ग से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा, बल्कि हिंदू समाज को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक भी करेगा। कार्यक्रम का आयोजन 15 दिसंबर 2024 को स्थानीय घंटाघर मैदान में किया जाएगा। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## कोरबा पुलिस ने ओवरस्पीड गाड़ियों पर चलाया गया चेकिंग अभियान



### इस वर्ष नवंबर तक कुल 563 वाहनो पर की गई ओवरस्पीड की कार्यवाही

### 0 कुल 6 लाख का समन शुल्क किया गया वसूल

### 0 वर्ष 2023 में की गई कुल कार्यवाही से इस वर्ष 354ः की वृद्धि हुई है

कोरबा संवाददाता।

पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थानाध्चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चैकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक्र नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री यूबीएस चैहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थानाध्चैकी एवं यातायात के द्वारा ओवरस्पीड गाड़ियों पर सख्त कार्यवाही किया गया है।

जिस पर कोरबा और यातायात पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही और इस वर्ष नवंबर माह तक कुल 563 ओवर स्पीड गाड़ियों पर चलानी कार्यवाही की गई और कुल 6 लाख 13 हजार 6 सौ समन शुल्क जमा कराया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में ओवर स्पीड वाहन पर कुल कार्यवाही 124 थी और इस वर्ष नवंबर माह तक 563 कार्यवाही कर ली गई है जो करीबन 354ः प्रतिशत की वृद्धि है। इसी प्रकार इंटरसेप्टर वाहन के द्वारा जुलाई माह से नवंबर तक कुल 243 वाहनो पर कार्यवाही की गई है।

कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे और मालवाहक वाहन में माल के अलावा किसी अन्य चीज का परिवहन ना करें। उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया।

## कोरबा : उपार्जन केंद्र में हुई धान की तौल, गोटीलाल को मिला मेहनत का पूरा मोल

### 0 एक एकड़ में 21 क्विंटल उत्पादन कर बेचा धान

### 0 किसी के भ्रम पर नहीं सरकार पर भरोसा था गोटीलाल को

**कोरबा (आरएनएस)**। लगभग 60 साल की उम्र के किसान गोटीलाल के पास महज एक एकड़ ही खेत है। बारिश के भरोसे उम्मीद की फसल लेने वाला गोटीलाल हर साल धान की फसल लेता आ रहा है। कई बार बारिश की बेरूखी से किसान गोटीलाल को एक एकड़ में उम्मीद के मुताबिक धान की मात्रा नहीं मिली तो कई बार बारिश की मेहरबानी से वह एक एकड़ में पर्याप्त धान ले पाता था। अपनी खेत पर हाड़-तोड़ मेहनत से धान का बंपर उत्पादन करने के बाद किसान गोटीलाल को तब बहुत धक्का लगता था, जब उन्हें मालूम चलता था कि वह एक एकड़ में उत्पादित पूरे धान को नहीं बेच सकता, उन्हें एक एकड़ में निर्धारित मात्रा में ही धान बेचनी होगी। इस तरह की बंदिशों ने किसान गोटीलाल को कई बार रूलाया और वह चाहकर भी अपना पूरा धान उपार्जन केंद्र में नहीं बेच पाता था। उसके पास महज एक एकड़ ही खेत होने का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ता था, क्योंकि एक एकड़ से अधिक वाले बड़े किसान ज्यादा धान बेच पाते थे और ज्यादा पैसे जुटा पाते थे। बीते कई सालों से इस तरह की परेशानियों को झेलते आए किसान गोटीलाल की परेशानी बीते साल से दूर हो गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए एक एकड़ में 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय के पश्चात उन्होंने अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी। आखिरकार जब फसल काटने और मिंजाई के बाद धान को बोरे में भरकर इकट्ठा किया तो उन्होंने किसी-किसी को यह कहते सुना कि उपार्जन केंद्र में किसानों से एक एकड़ का 21 क्विंटल नहीं खरीदा जा रहा है। उनको लौटा दिया जा रहा है। कुछ दिनों तक तो किसान गोटीलाल भी भ्रम में था कि ऐसे कैसे हो सकता है? ऐसा हुआ तो वह क्या करेगा ? कुछ लोगों के अपवाहों से भ्रम में आए किसान गोटीलाल ने सभी अपवाहों को दरकिनार किया और छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्णय पर भरोसा करते हुए बोरे में भरकर 21 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र बेचने ले आया। यहां किसी ने उन्हें रोका-टोका नहीं। अपने मेहनत के फसल को बोरे में भर-भर कर तौल कराई और एक-एक दाने का मोल किसान गोटीलाल को मिला।



पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बतरा के किसान गोटीलाल ने बताया कि उनका एक एकड़ खेत है। इस खेत में उन्होंने धान का फसल लिया था। अच्छे से मेहनत कर धान का उत्पादन किया जिससे 21 क्विंटल धान हुआ। ग्राम पोड़ी के उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए किसान गोटीलाल ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र में उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने भ्रम फैला दिया था कि 21 किव्ंटल धान की खरीदी नहीं होगी। हालांकि उन्हें उपार्जन केद्र में इस तरह के किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। गोटीलाल ने बताया कि धान बेचकर जो पैसे मिलेंगे उससे खाद-बीज के लिए जो कर्ज लिया था उसे चुकाएंगे। उन्होंने बताया कि हम लोग बहुत छोटे किसान है और हमारी कोशिश रहती है कि फसल का अच्छा उत्पादन हो ताकि अधिक से अधिक धान बेच सके। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए बहुत बड़ा निर्णय लिया है। 21 क्विंटल धान की खरीदी कर हम जैसे छोटे किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाया है, वर्ना हम छोटे किसान कुछ क्विंटल धान ही बेच पाते थे, इससे हमारी जरूरतों के लिए पर्याप्त पैसे भी नहीं मिल पाते थे।




## सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की सेना के प्रति कृतज्ञता और प्रतिबद्धता प्रकट करने का दिन : कलेक्टर

**बिलासपुर** शहीदों और योद्धाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में कलेक्टर अवनीश शरण ने सेना की वीरता व सेवा को सलाम किया है। कलेक्टर और एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने झण्डा खरीदकर सेनाओं के कल्याण के लिए आर्थिक सहयोग भी किया। जिला सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की सेना के प्रति कृतज्ञता, प्रतिबद्धता प्रकट करने और उनके लिए एकजुट होने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें उन सैनिकों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। सेना के जवान जिन्होंने देश की रक्षा और शांति के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए, उनके और उनके परिवारों का ऋण हम कभी नहीं चुका सकते। एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण और शहीदों के लिए समर्पित दिन है। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार , एडीएम शिव बनर्जी भी मौजूद थे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरिश्चन्द्र तिवारी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस हमारे उन योद्धाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर शत्रुओं का सामना किया। यह दिवस भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिवस है।

**पर्यावरणीय सुधार के लिए विभाग संयुक्त कार्ययोजना के साथ करें कार्य- सदस्य सचिव छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल**

# शहर के वातावरण को बेहतर करने एनकैप के तहत करें प्लानिंग

### 0 मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं करने वाले माल वाहनों, परिवहनकर्ता पर करें कड़ी कार्यवाही

**रायगढ** ,। सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) के तहत पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं उन्मूलन के संबंध में एक अहम बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल भी उपस्थित रहे।



सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कहा कि जिले के वातावरण को बेहतर करना आवश्यक है। इसके लिए सभी अधिकारी उचित कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार उठाव एवं अपवहन कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी हॉस्पिटल से प्राधिकार लेना सुनिश्चित करें। जिससे उन पर नियमों का पालन नहीं करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जा सके। उन्होंने चौक-चौराहों में वाहनों के माध्यम से हो रहे प्रदूषण नियंत्रण के लिए आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। ताकि सभी मालवाहक वाहन निर्धारित नियमों का पालन करें। उन्होंने नगर निगम को शहर के वातावरण को बेहतर करने एनकैप के तहत प्लानिंग करने के निर्देश दिए ताकि शहर का वातावरण स्वच्छ हो सके।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा अपने ढाई सौ मीटर के दायरे में धूल नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह मालवाहक वाहनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी एसओपी का पालन नहीं करने पर आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि वाहनों चालकों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जाए, जिससे पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी दी कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने हेतु जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत फ्लाईएश के उचित निपटान, एसओपी का पालन नहीं करने एवं बिना तारपोलिन ढके माल वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

# धान खरीदी के एवज में 6.80 लाख किसानों को 6807.82 करोड़ रूपए का भुगतान

## छत्तीसगढ़ में अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**0-शिकायत एवं निवारण के लिए हेल्प लाइन नंबर 0771-2425463**

**0-समिति में ऑपरेटर के माध्यम से भी टोकन आवेदन कर सकते हैं किसान**

**0-विशेष परिस्थिति में किसानों के बारदानों का उपयोग और प्रति बारदाना 25 रूपए का भुगतान**

**रायपुर,**। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर सें शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 6.80 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 6807 करोड़ 82 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 6 दिसम्बर को 66181 किसानों से 2.95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 76378 टोकन जारी किए गए थे।

राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्यओं का समाधान कर सकते है।

**समिति में आपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन की भी सुविधा**

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय हेतु किसानों द्वारा टोकन आवेदन समिति माड्यूल एवं टोकन तुहर हाथ एप्प के माध्यम से किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति माड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप्प के माध्यम से आरक्षित किया गया है। जिन कृषकों को एप्प के माध्यम से टोकन आवेदन करने में कठिनाई हो रही हो, वे समिति में आपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन करा सकते हैं। किसानों द्वारा आवेदन के दौरान आवश्यक प्रविष्टि करने के उपरांत आवेदन की तारीख से लेकर 15 जनवरी 2025 तक रिक्त स्लॉट में धान विक्रय हेतु दिवस का चयन किया जा सकता है। लघु एवं सीमांत कृषकों को 02 टोकन एवं दीर्घ कृषकों 03 टोकन की सुविधा प्रदाय की गई है।

**किसान बारदाना के लिए प्रति नग 25 रूपए** - भारत सरकार की नवीन बारदाना नीति अनुसार धान का उपार्जन नये एवं पुराने बारदानों में 50 अनुपात 50 में किया जाना है। प्रदेश में अनुमानित धान उपार्जन 160 लाख टन के आधार पर सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था कर ली गई है। उपार्जन केन्द्रों में पुराने बारदानें के रूप में मिलर बारदाना, पीडीएस बारदाना, समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये बारदानों का उपयोग किया जा रहा है। विशेष परिस्थिति में किसान बारदाना का भी उपयोग किया गया है, जिसका 25 रू. नग के मान से किसानों को भुगतान हेतु राशि 11 करोड़ 23 लाख रूपए अपेक्स बैंक को दी जा चुकी है।



धान खरीदी केन्द्रों में 72,194 गठान बारदाना उपलब्ध

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कुल 4 लाख गठान नये बारदानों की आवश्यकता है, जिसके विरूद्ध 3.51 लाख नये बारदानें प्रदेश को प्राप्त हो गए है, शेष बारदानें आगामी 15 से 20 दिवसों में प्राप्त हो जायेगें। अभी तक धान उपार्जन में पीडीएस बारदाने 32392 गठान, मिलर बारदानें 23078 गठान, किसान बारदानें 10176 गठान उपयोग किये जा चुके है। उपार्जन केन्द्रों में पीडीएस बारदाने 18985 गठान, मिलर बारदानें 54209 गठान उपयोग हेतु उपलब्ध है। वर्तमान में प्रदेश के किसी भी उपार्जन केन्द्र में बारदानों की कमी नहीं है।

# रेहड़ी, ठेलों के बाद अब फरसगांव में पीएम आवास पर आततायी सरकार का बुल्डोजर

**o गरीबों पर बुलडोजर और भू-माफियाओं को संरक्षण, यही है मोदी की गारंटी है, साय का शासन**

**o गैरकानूनी कार्रवाई के लिए जिम्मेदारों पर तत्काल कार्यवाही हो और पीड़ित को उचित मुआवजा दे सरकार**




रायपुर, )। बिना पूर्व सूचना के, बिना नोटिस दिए कोंडागांव जिले के फ़रसगांव में निर्माणाधीन पीएम आवास पर बुलडोजर चलाने पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास का निर्माण आखिर अवैध कैसे हो सकता है? प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के पहले पंचायत का प्रस्ताव, नक्शा, बी 1 के साथ लेआउट अप्रूव होता है। पीएम आवास की दो-दो किश्ते जारी होने के बाद, छत लेबल तक के निर्माण को अतिक्रमण बता कर अचानक तोड़ना भाजपा सरकार के गरीब विरोधी चरित्र का प्रमाण है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जब से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी गरीबों पर रोज प्रहार हो रहे हैं। नए आवास और रोजगार दे पाने में तो यह सरकार पूरी तरह नाकाम रही है, गरीबों के रोजी-रोटी और सर छुपाने की जगह तक यह सरकार बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। आए दिन रेहड़ी, ठेले, पटरी पर व्यवसाय कर परिवार का पेट पालने वाले गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। कड़ाके की ठंड में परिवार के परिवार बेघर किए जा रहे हैं। पूर्व में भी छत्तीसगढ़ सरकार के बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ उच्च न्यायालय ने रोक लगाया था लेकिन गरीब विरोधी साय सरकार अपनी बर्बर और मनमानी कार्यवाही से बाज नहीं आ रही है। फरसगांव में की गयी बुलडोजर कार्यवाही अनैतिक है, गैरकानूनी है, संविधान विरोधी कृत्य है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आती है गरीबों के प्रति अत्याचार होते हैं। पूर्व में भी 15 साल मरही माता मंदिर, मौली माता मंदिर, खालसा स्कूल के आसपास बुलडोजर चले। रतनजोत और उसकी खेती के नाम पर अपने चहेतों को जमीन लुटाए, उद्योगों के नाम पर स्थानीय निवासियों से जमीन छीनकर लैंड बैंक बनाएं, अब वही दौर एक बार फिर से शुरू हो गया। राजधानी रायपुर के अमलीडीह में सरकारी कॉलेज और खेल मैदान के लिए आवंटित 9 एकड़ सरकारी जमीन बिल्डर को सौंप दिए। भू-माफिया, रेत माफिया और नशे के कारोबारियों को सरकार का संरक्षण है। गौठान की जमीनो में भू-माफिया के कब्जे हो रहे हैं, रीपा परियोजना के तहत गोठानो में बने निर्माण और सेड, इस सरकार के संरक्षण में तोड़े जा रहे हैं। फ़रसगांव में पीएम आवास पर दुर्भावना पूर्वक कार्रवाई के लिए जिम्मेदारों पर तत्काल कठोर कार्यवाही हो और पीड़ित को उचित मुआवजा दे सरकार।

0000

# दिव्यांग सोहन लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने परिवार के लिए बनाया पक्का आवास

**पक्का आवास में खुशी-खुशी रह रहें सोहन लाल ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति किया आभार व्यक्त**



**बालोद,** । बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा में एक छोटी सी दुकान चलाकर अपना और अपने परिवार का घर चला रहे दिव्यांग सोहन लाल को अब कच्चे आवास से निजात मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब उसका आवास पक्का बन गया है। उसे काफी खुशी है कि उसके पक्का आवास का सपना अब हकीकत में तब्दील हो चुका है। श्री सोहन लाल ने बताया कि वे पहले कच्चे मिट्टी के मकान में निवास करते थे। उसने बताया कि उनका आवास काफी जर्जर हो चुका था। बारिश के दिनों में कच्चे छत से पानी का टपकना, घर में पानी का भर जाना और कभी भी जर्जर मकान के ध्वस्त होने का डर बना रहता था। रोजी-मजदूरी से ही घर का खर्च चलता है जिसमें अपने घर को पक्का बनाने में सक्षम नही थे। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास की स्वीकृति मिली तो उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नही था। उन्होंने योजना के तहत आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त की राशि आते ही उन्होंने अपने घर का निर्माण शुरू कर दिया। उसने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के शासन में उसके घर के निर्माण कार्य में तेजी आई और अब उनका आवास पूरी तरह पूर्ण हो चुका है।

श्री सोहन लाल एवं उनके परिवार की इन समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर संचालन से हुआ है। जहाँ श्री सोहन लाल एवं उनके परिवार खुशी-खुशी निवासरत है, अब उन्हें पक्का आवास में रहन-सहन में कोई समस्या नही आती है। उसने बताया कि शासन की योजना के तहत उनके घर में शौचालय का निर्माण किया गया है तथा जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन भी प्रदान किया गया है। जिससे भरपूर मात्रा में पेयजल प्राप्त होता है। सोहन लाल ने बताया कि उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। जिससे घर के छोटे-छोटे खर्च भी वहन हो जाते है। दिव्यांग श्री सोहन लाल ने पक्का आवास निर्माण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बारंबार धन्यवाद कहा है।

# अस्पृश्यता कि भावना एक अभिशाप, जिसे मिलकर दूर करना होगा : रंजना साहू

**धमतरी,** अस्पृश्यता निवारण के लिए किए जा रहे है कार्यों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी के लिए अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन धमतरी क्षेत्र के ग्राम केरेगांव में आयोजित किए गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवम पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहीं, मंच में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सहायक संचालक विमल कुमार साहू जिला प्रशासन आदीवासी विभाग ने अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर के आयोजन की जानकारी दिए जिसमें अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का प्रावधान है, यह अनुच्छेद अस्पृश्यता की प्रथा पर रोक लगाता है और उसे प्रतिबंधित करता है, इसमें सजा का भी प्रावधान है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि अस्पृश्यता, जाति व्यवस्था पर आधारित एक सामाजिक बहिष्कार की प्रथा है, यह प्रथा बहुत लंबे समय से चली आ रही थी जिसे संविधान में अनुच्छेद 17 से हटा कर देश में सब एक की भावना लाई गई। अस्पृश्यता का अर्थ है किसी व्यक्ति या समूह के सभी लोगों के शरीर को सीधे छूने से बचना या रोकना, आज सभी समाज संगठित होकर एक मत से चल रहे हैं और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी के सपनो को आगे बढ़ा रहा है एवं मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को पूरा कर रहे हैं किंतु कुछ जगहों में आज भी अस्पृश्यता की भावना लोगों में है, जिसे दूर करने सभी अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने की आवश्यकता है, इसका प्रारंभ हमें स्कूल स्तर पर बच्चों में सभी समुदायों के प्रति समानता की भावना विकसित कर सकते हैं। जनपद सदस्य जोगेंद्र पिंकू साहू ने कहा कि अस्पृश्यता का प्रचलन बहुत लंबे समय से चला आ रहा है और अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए समानता का अधिकार भी अहम भूमिका निभाता है। अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर में पूर्व विधायक रंजना साहू सहित सर्व समाज ने एक साथ भोजन कर समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच संजय भोंसले, समाजसेवी लता अवनेंद्र साहू, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, बूथ अध्यक्ष दयाराम सिन्हा, पंचराम सिन्हा, सुनीता ध्रुव, उपसरपंच घनश्याम ध्रुव, सतनामी समाज अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़, शेष कुमार ध्रुव पंच सहित ग्राम एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुजन उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने नवंबर माह में दर्ज किया अब तक का श्रेष्ठ उत्पादन

भिलाई, आरएनएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवम्बर माह में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, अपने निरंतर प्रयासों से अब तक का श्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में, श्रेष्ठ डिस्पैच का भी रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। संयंत्र के सभी मॉडेक्स इकाइयों- ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने श्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों द्वारा नवंबर माह के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया। कार्यक्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग व सुरक्षा मानकों के अनुपालन से ही यह उपलब्धियां संभव हो पाई है। संयंत्र के सिंटर प्लांट, बीआरएम, ओएचपी सहित विभिन्न विभागों ने अब तक का श्रेष्ठ मासिक उत्पादन कीर्तिमान रचा है। साथ ही संयंत्र के आरएमपी-3 से लाइम उत्पादन, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील व बिलेट उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील उत्पादन, फिनिश्ड स्टील उत्पादन, सेलेबल स्टील के उत्पादन के साथ ही प्लेट मिल में



हाई टेंसाइल प्लेटों के साथ रेल मिल से लॉन्ग रेलों के उत्पादन व डिस्पैच में श्रेष्ठ नवम्बर माह का कीर्तिमान दर्ज किया है। संयंत्र के ओर हैंडलिंग विभाग ने नवम्बर 2024 में कुल मटेरियल हैंडलिंग 18,38,864 टन दर्ज किया है, जोकि नवम्बर 2022 में 16,59,941 टन दर्ज किया गया था। आरएमपी-3 द्वारा नवम्बर 2024 में लाइम. सीडी का कुल उत्पादन 53,390 टन दर्ज किया गया, जोकि नवम्बर 2023 में बनाये गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 45,848 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। संयंत्र के सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन नवम्बर 2024 में 7,51,180 टन दर्ज किया गया है, जोकि नवम्बर 2022 में 7,30,375 टन दर्ज किया गया था। संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने नवम्बर 2024 में 5,22,644 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज किया है, जोकि नवम्बर 2022 में 4,89,681 टन दर्ज किया गया था। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) नवम्बर 2024 में 3,00,840 टन कास्ट स्टील का उत्पादन कर, नवम्बर 2022 में 2,86,195 टन के अपने ही बनाये रिकॉर्ड को पार कर गया है। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने नवम्बर 2024 में 2,43,130 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया है, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ नवम्बर 2022 में बनाये गए 2,39,826 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने नवम्बर 2024 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 84,030 टन उत्पादन किया है, जो नवम्बर 2023 में बनाए 82,017 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्लेट मिल ने नवम्बर 2024 में 33,966 टन हाई टेंसाइल प्लेटों का उत्पादन कर, नवम्बर 2014 में बनाये 17,374 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार कर गया है। नवम्बर 2024 में 3,88,240 टन कुल फिनिश्ड प्लेट का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया गया, जो नवम्बर 2023 में दर्ज 3,81,939 टन के उत्पादन से अधिक है।

(जशपुरनगर) जिले में अब तक 22377.7 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

0-3776 किसानों को 41 करोड़ 66 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान

जशपुरनगर, 07 दिसम्बर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जशपुर जिले में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी की सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक जिले के किसानों से 22377.7 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जशपुर के 3 हजार 776 किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को भुगतान करने के लिए विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को लिकिंग व्यवस्था के तहत 41,66,65,240 रूपए (इकतालीस करोड़ छ्यासठ लाख पैसठ हजार दो सौ चालीस) का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य



# मौसम में बदलाव, बारिश का अलर्ट 16 जिलों के लिए जारी

**रायपुर,** )। आईएमडी मौसम विभाग एजेंसी द्वारा जारी समाचार के अनुसार मौसम में अगले 24 घंटे में बदलाव के साथ ही 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ कुछ जिलों में बारिश के साथ ही अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बस्तर में 8 दिसंबर एवं सरगुजा में अगले 48 घंटे में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ज्ञात हो कि इस बार नवंबर में प्रतिवर्षानुसार पड़ने वाली ठंड का अभाव देखा गया है। नवंबर में भी अधिकांश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोग रात एवं दिन को पंखा लगाकर सोते पाये गये। छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्र के कारण होने वाली बदली बारिश में कोरिया मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर गरियाबंद, धमतरी, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, कांकेर एवं नारायणपुर में अगले 48 घंटों में मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बस्तर संभाग के जिलों में आज शाम रात को पानी बरस सकता है।

# पंडो जनजाति के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री साय का विशेष प्रयास

**0 मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए किया जा रहा विशेष शिविरों का आयोजन**

रायपुर, 07 दिसम्बर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में पंडो जनजाति का नाम प्रमुखता से आता है। यह जनजाति राज्य के दूर-दराज इलाकों में निवास करती है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव और शासन की योजनाओं तक पहुंच की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है।




सूरजपुर जिले में पंडो जनजाति को मूलभूत सुविधाओं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन संपूर्णता अभियान के तहत प्रत्येक बुधवार को किया जा रहा है, जो कि उनकी विकास यात्रा में एक निर्णायक पहल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सदैव समाज के सबसे पिछड़े और हाशिए पर खड़े समुदायों के विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। उनकी यह मान्यता है कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सुविधा मिलनी चाहिए, चाहे वह किसी भी भौगोलिक स्थिति में क्यों न हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस सोच को मूर्त रूप प्रदान करते हुए पंडो जनजाति जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है, ताकि इन समुदायों का समुचित विकास हो सके और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके। इसी क्रम में पंडो जनजाति के विकास की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए सूरजपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में विशेष शिविरों का आयोजन इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि पंडो जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का संपूर्ण लाभ पहुंचाया जा सके। पण्डो जाति के लिए विशेष शिविरों का आयोजन इनके विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। विशेष शिविरों के द्वारा इस जनजाति के प्रत्येक परिवार को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इन शिविरों का आयोजन 18 दिसंबर 2024 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में किया जाएगा। इसके तहत हर परिवार का सर्वेक्षण कर पंडो परिवार की जानकारी एकत्रित कर उनकी आवश्यकता और उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करने के बाद संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इन पंडो परिवारों को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्त करने के लिए शिविरों का रोस्टर और कार्ययोजना बनाई गई है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)